चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 134, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 12 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'आज भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था'

## आज का भारत दुश्मन की मांद में घुसकर जवाब देना जानता है: योगी, जी-20 की सर्वाधिक बैठकें काशी में हो रही हैं, दुनिया इस शहर के बारे में जानना चाहती है




**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा भारत के उत्थान और वैश्विक मंच पर मानवता के कल्याण के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से भाजपा कार्यकर्ताओं में विचारधारा और संगठन के प्रति आत्मीय भाव पैदा करने के लिए आज प्रदेश की सभी विधानसभाओं में टिफिन बैठकों का आयोजन हो रहा है। दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर आए मुख्यमंत्री रविवार अपरान्ह कैंट विधानसभा क्षेत्र के विरदोपुर स्थित कैलाश मठ में भाजपा की ओर से आयोजित टिफिन बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना कर कहा कि काशी में टिफिन बैठक में शामिल होने पर मुझे हर्ष की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि हम सब ने 9 साल में भारत की बदलती तस्वीर को देखा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले का भारत और उसके बाद का भारत हमारे सामने है। पहले देश के अंदर बड़े-बड़े आंदोलन चल रहे थे। सरकार के प्रति जनता में गुस्सा, आक्रोश और अविश्वास देखने को मिल रहा था। प्रतिदिन एक नया भ्रष्टाचार सामने आता था। आंतरिक और बाह्य सुरक्षा खतरे में थी, लेकिन पिछले 9 साल में हमने बदलते हुए भारत को देखा है। हाल ही में पीएम मोदी के 6 दिवसीय यात्रा को हम सबने देखा है। ये यात्रा भारत की बढ़ती ताकत का अहसास कराती है। अन्य देशों में भारत की कैसी प्रतिष्ठा बढ़ी है आप सबने देखा है।

टिफिन बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का भारत अगर मैत्री निभाना जानता है तो दुश्मन की मांद में घुसकर जवाब देना भी उसे अच्छी तरह आता है। देश की आंतरिक और बाह्य सीमाएं आज पूरी तरह से सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है।



अगले दो-तीन साल में हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। कश्मीर कभी अशांत और आतंकवाद की चपेट में था। आज वह शांति की नई राह पर बढ़ चुका है। पूर्वोत्तर के राज्य में कभी उग्रवाद चरम पर था, आज उन राज्यों में बीजेपी की सरकार होने से वे विकास और नये विश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में विरासत के सम्मान के लिए तमाम कदम उठाए गये हैं। काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या का श्रीराम मंदिर, केदारनाथ मंदिर और महाकाल का पुनरुद्धार पीएम मोदी के नेतृत्व का परिणाम है।

**काशी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दुनिया में वैश्विक लीडर के रूप में मान्यता मिली है। देश की संसद में पीएम मोदी काशी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यही कारण है कि काशी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र है। जी 20 की सर्वाधिक बैठकें यहां हो रही हैं। काशी जगमगा रही है। काशी वैश्विक स्तर पर नये आकर्षण का केंद्र बना है। काशी इसलिए काशी है क्योंकि काशी अविनाशी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी को पुनः प्रतिष्ठा और पहचान दी है। यही नहीं पीएम के मार्गदर्शन में यूपी आज बीमारू राज्य से ऊपर उठ चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश विकास, सुरक्षा और सुशासन का एक मानक बना है। यूपी आज जिस मार्ग का अनुसरण कर रहा है, वो दिन दूर नहीं जब ये भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित हो जाएगा। इस दिशा में हमें मिलकर प्रयास करना है।

## दुनिया के किसी भी कोने में फंसे भारतीयों की मदद मोदी सरकार का दायित्व: जयशंकर

**वाराणसी।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रविवार को यहां 9 साल के मोदी सरकार में हुए सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण से संबंधित भारतीय विदेश नीति की 9 उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि काशी,जापान और भारतीय विदेश नीति का सबका एक कनेक्शन है। मोदी सरकार के 09 साल के कार्यकाल में बड़ा परिवर्तन आया है। हर क्षेत्र में परिवर्तन आया है। विदेश मंत्री महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गांधी अध्ययनपीठ सभागार में आयोजित भारतीय विदेश नीति'उद्देश्य एवं विशेषताएं विषयक संगोष्ठी में विद्यार्थियों और प्रबुद्धजनों को सम्बोधित कर रहे थे। विदेश मंत्री ने संगोष्ठी में रूस और यूक्रेन के बीच उपजे हालात और यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों का खास तौर पर जिक्र किया। विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले साल यूक्रेन में जब युद्ध शुरू हुआ तो वहां हमारे करीब 20 हजार भारतीय विद्यार्थी फंसे हुए थे। वंदे भारत मिशन के तहत हम सब लोगों को वापस ले आए। कुछ हफ्ते पहले ऐसे ही हालात सूडान में रहे। सूडान में करीब हमारे पांच हजार भारतीय नागरिक श्रमिक युद्ध के बीच फंस गए थे। इन नागरिकों को हम ऑपरेशन कावेरी के तहत वापस भारत लेकर आए। विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया के किसी भी कोने में फंसे भारतीयों की मदद मोदी सरकार का दायित्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि कोई भी देश का व्यक्ति जो बाहर किसी देश में फंसा है, हमें उन्हें वहां छोड़ना नहीं है, उन्हें विश्वास होना चाहिए कि कुछ भी हो, भारत सरकार उन्हें बचाने आएगी। वायुसेना के साथ-साथ सभी एयरलाइंस से मदद लेकर अब तक मुश्किल में फंसे भारतीयों को हम अपने देश में वापस लाए हैं। कार्यक्रम में प्रबुद्ध जनों और भाजपा कार्यकर्ताओ ने भारत सरकार की विदेश नीति के बारे में विदेश मंत्री से सवाल भी पूछे। कार्यक्रम के बाद विदेश मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि काशी में जी-20 सम्मेलन प्रारंभ हो रहा है। जी-20 सम्मेलन कार्यक्रम सफल होगा। विदेश मंत्री ने प्रदेश सरकार का आभार जताते हुए कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ और यहां के शासन का आभार प्रकट करता हूं कि जी -20 का कार्यक्रम सफल होगा।

गौरतलब है कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर काशी में रविवार से आयोजित जी-20 देशों के विकास मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। जी-20 सम्मेलन की औपचारिक शुरूआत मेहमानों के रात्रिभोज से होगी। नदेसर स्थित तारांकित होटल में प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अगुवाई में आयोजित रात्रिभोज में जी-20 देशों के विकास मंत्रियों के साथ मंत्री व सचिव स्तर के अफसरों का प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होगा। 12 जून सोमवार को बड़ालालपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय हस्तकला संकुल सभागार में सुबह 9 बजे से शाम 5.15 बजे तक दो सत्रों में बैठक होगी।

उद्घाटन सत्र को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल संबोधित करेंगे। इसके बाद भारतीय विदेश मंत्री अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक सम्बंधों को विस्तार व मजबूत करने पर जोर देंगे। दो सत्रों में आयोजित इस बैठक में विकास की सतत प्रणाली और हरित विकास में बढ़ती चुनौतियां पर मंथन होगा। इसके साथ ही आर्थिक मंदी, ऋण संकट, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, प्रदूषण और जैव विविधता के नुकसान, बढ़ती गरीबी और असमानता, खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा, जीवन-यापन के संकट, वैश्विक आपूर्ति व खाद्य शृंखला और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर तनाव के भी मुद्दे उठाये जाएंगे। बैठक में सामूहिक प्रयासों से विकास, पर्यावरण और जलवायु एजेंडे के बीच तालमेल को बढ़ावा देने आदि पर भी चर्चा होगी।

## ऑस्ट्रेलिया बनी टेस्ट चैंपियन

### डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत को हराया, भारत को हराकर जीती टेस्ट गदा

**ऑस्ट्रेलिया** ने भारत को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में 209 रन से हराकर गदा जीती। डब्ल्यूटीसी के फाइनल में लगातार भारत को दूसरी बार हार का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलिया पहली ऐसी टीम बनी, जिसने आईसीसी के सभी फॉर्मेट की ट्रॉफी जीती है। भारत को लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी के फाइनल में हार मिली है। गौरतलब हो कि ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 469 रन बनाए। स्मिथ (121) और ट्रैविस हेड (163) शतकीय पारी खेली। भारत की तरफ से सिराज ने चार विकेट लिए थे। भारत ने




पहली में 296 रन बनाए। रहाणे ने 89 रन की पारी खेली। वहीं, शार्दुल ठाकुर ने 51 रन बनाए थे। पैट कमिंस ने तीन विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 173 रन बढ़त मिली।

## पीढ़ी दर पीढ़ी भ्रष्टाचार करते आई कांग्रेस- द्रमुक नेतृत्व: शाह

**चेन्नई: केंद्रीय** गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने तमिलनाडु की द्रमुक सरकार और उनकी सहयोगी कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर पीढ़ी दर पीढ़ी भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया। शाह ने केंद्र सरकार की ओर से तमिल गरिमा को आगे बढ़ाने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए राज्य की जनता से 2024 में प्रधानमंत्री के तौर पर नेरन्द्र मोदी को दोबारा चुनने में सहयोग करने की अपील की। अमित शाह रविवार को तमिलनाडु के वेल्लोर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और द्रमुक दोनों को टूजी, थ्रीजी और फोरजी पार्टियों की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि उनका अर्थ टूजी या थ्रीजी घोटाले से नहीं बल्कि दोनों पार्टियों में पीढ़ी दर पीढ़ी सत्ता में बने रहने और भ्रष्टाचार करने से जुड़ा है। शाह ने कहा कि करुणानिधि



परिवार तीन पीढ़ियों से राजनीति का हिस्सा बनकर भ्रष्टाचार कर रहा है। वहीं गांधी परिवार की चौथी पीढ़ी में अब राहुल गांधी लाभ उठा रहे हैं। अब समय आ गया है कि तमिलनाडु में किसी गरीब, किसान या सामान्य जन के बेटे को राज्य की सत्ता सौंपी जाए। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि पिछले 10 सालों में कांग्रेस और द्रमुक सरकार ने तमिलनाडु में 12 हजार करोड रुपए के घोटाले किए हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के पिछले 9 साल का कार्यकाल भ्रष्टाचार के आरोप से मुक्त रहा है। शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा रही हैं। मोदी सरकार देश को सुरक्षित बना रही है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी दुनिया में कहीं भी जा रहे हैं, वहां भारत के तमिल गरिमा का उल्लेख करते हैं। गृहमंत्री ने नई संसद और उसमें स्थापित सेंगोल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के चोल साम्राज्य के सेंगोल को संसद भवन में स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में तमिल संगम काशी और सौराष्ट्र में आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री का मकसद तमिलनाडु की सांस्कृतिक और साहित्यिक समृद्ध विरासत को गुजरात और उत्तर प्रदेश में प्रमोट करना है।अमित शाह ने कहा कि द्रमुक यूपीए सरकार का हिस्सा थी।

## पीएम ने राष्ट्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रगति मैदान के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र में रविवार को पहले राष्ट्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान न्होंने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। देशभर में प्रशासनिक सेवा प्रशिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण अवसंरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से क्षमता निर्माण आयोग द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों, राज्य प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों, क्षेत्रीय और मंडल प्रशिक्षण संस्थानों तथा अनुसंधान संस्थानों सहित प्रशिक्षण संस्थानों के 1500 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। विचार-विमर्श में केंद्र सरकार के विभागों, राज्य सरकारों, स्थानीय सरकारों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ भी भाग ले रहे हैं। यह सभा विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देगी, चुनौतियों और उपलब्ध अवसरों की पहचान करेगी तथा क्षमता निर्माण के लिए कार्रवाई योग्य समाधान पेश करेगी और व्यापक रणनीति तैयार करेगी।

### महारैली में केजरीवाल ने मोदी पर साधा निशाना

## मोदी ने देश का बेड़ा गर्ग कर दिया: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ रामलीला मैदान में आम आदमी पार्टी की तरफ से महारैली का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज से 12 साल पहले भ्रष्टाचार के खिलाफ इसी रामलीला मैदान में लोग इकट्ठे हुए थे। आज फिर इसी मंच से एक अहंकारी तानाशाह को देश से हटाने के लिए जुटे हैं। केजरीवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि दिल्ली की जनता सुप्रीम है, लेकिन प्रधानमंत्री



ने अध्यादेश पारित करके कोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया। अध्यादेश कहता है कि अब दिल्ली के अंदर जनतंत्र नहीं होगा। दिल्ली में तानाशाही चलेगी। अब जनता नहीं बल्कि एलजी सुप्रीम होगा। इस अध्यादेश के खिलाफ सभी पार्टियों के नेताओं से मिल रहा हूं। दिल्ली वालों पूरे देश के लोग आपके साथ हैं। 140 करोड़ मिलकर इस अध्यादेश का विरोध करेंगे और जनतंत्र को बचाएंगे। केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि ये केवल दिल्लीवालों के साथ ही नहीं बल्कि ऐसा ही अध्यादेश राजस्थान के लिए, पंजाब के लिए, एमपी के लिए, महाराष्ट्र के लिए लाया जाएगा।

इसे अभी ही रोकना पड़ेगा। केजरीवाल ने कहा कि आज इतनी भरी संख्या में दिल्ली के कोने-कोने से लोग आए हैं।

## सांसद बृजभूषण सिंह ने किया शक्ति प्रदर्शन

**गोंडा: मोदी सर**कार के 9 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा से कैसरगंज सांसद बृजभूषण सिंह ने नवाबगंज से बालपुर तक रैली निकालकर जहां अपनी ताकत का एहसास दिलाया। वही मंच से शायरी पढ़कर पहलवानों पर निशाना साधा और कांग्रेस पर जमकर बरसे। गोंडा के बालपुर के एक महाविद्यालय में आयोजित जनसभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह ने कहा कि सन 1947 में देश आजाद हुआ और उसी समय देश का बंटवारा हुआ। बंटवारे का घाव अभी पूरा नहीं हुआ था। पाकिस्तान की सेना के वेश में कबाइली हमला कर दिया।

78 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन आज भी हमारे देश की पाकिस्तान के कब्जे में हैं। यह काम भी कांग्रेस के समय में हुआ। उन्होंने कहा कि उस समय के प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू थे। उसके बाद सन 1962 में चीन ने हमारे देश पर आक्रमण किया।

## राजस्थान में भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं होनी चाहिए: पायलट

**दौसा।** राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने रविवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर जमकर निशाना साधा। पायलट ने कहा कि राजस्थान और देश में भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। किसी ने सही कहा है कि हर गलती सजा मांगती है। आपस में कैसे भी संबंध हों, सबसे बड़ा न्याय नीली छतरी वाला देता है। आज नहीं तो कल न्याय जरूर मिलेगा। सचिन पायलट ने अपने पिता राजेश पायलट की 23वीं पुण्यतिथि पर गुर्जर छात्रावास में आयोजित सभा में कहा कि बेबाकी से बोलना, सच्चाई और ईमानदारी के साथ विपरीत परिस्थितियों में समझौता न करना राजेश पायलट ने सिखाया है। मैं सबको साथ लेकर चलने की कोशिश करता हूं। पांच साल प्रदेशाध्यक्ष रहा तो सरकार के



दांत खट्टे कर दिए। वसुंधरा राजे का विरोध साल के 365 दिन किया। पायलट ने कहा कि राजेश पायलट ने छोटे किसान के घर में जन्म लेकर ऊंचाई पर पहुंचकर अपना दामन साफ रखा। यह राजनेता की सबसे बड़ी सफलता है। राजेश पायलट की राजनीति अनोखी रही है, कभी-कभार वो भी राजनीति में लटके-झटके कर देते थे, लेकिन उनके केंद्र में गरीब, वंचित रहते थे। पायलट ने कहा कि परिस्थिति कोई भी, आप लोगों के लिए संघर्ष करना, न्याय दिलाने का वादा कल भी था, आज भी है, कल भी रहेगा। राजनीति में बात रखना जरूरी है। मुझे भी राजनीति में 20 साल हो गए। मैंने हमेशा नौजवानों का भविष्य बेहतर बनाने के लिए काम किया है। मेरी आवाज में बुलंदी दौसा के लोगों के कारण है। मैंने जो आवाज उठाई है, उससे पीछे हटने वाला नहीं हूं। हम किसी पद पर हों या न हों, जनता हमेशा तौल कर रखती है कि कहते क्या थे, करते क्या थे? मेरे लिए जनता की विश्वसनीयता सबसे बड़ी पूंजी है।

## मानगढ़ को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करे केंद्र सरकार: गहलोत


**प्रतापगढ़/जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं की पूरे देश में सराहना हो रही है। प्रत्येक वर्ग और हर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास से राजस्थान देश का मॉडल स्टेट बन गया है। जनता की भावना के अनुरूप ही राज्य सरकार ने योजनाएं लागू कर आमजन को राहत पहुंचाई है। आगे भी किसी तरह की कमी नहीं रखी जाएगी।

गहलोत रविवार को प्रतापगढ़ के लुहारिया गांव में 50.74 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने



कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रतापगढ़, जालोर, राजसमंद में मेडिकल कॉलेज खोलने से मना कर दिया गया था। इस पर राज्य सरकार स्वयं इन जिलों में कॉलेज स्थापित करा रही है। प्रतापगढ़ जिले के मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति दे दी गई है। नर्सिंग कॉलेज का निर्माण भी शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित कराने की दिशा में भी राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। केंद्र सरकार से मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित कराने के लिए बार-बार आग्रह किया गया।

खबर संक्षेप



## फार्चुनर ने कार में जोरदार टक्कर मारी कार चालक गंभीर रूप से घायल

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रीवा रोड पर शनिवार देर रात फाच्चुंनर की टक्कर से एक कार पलट गई। उसमें सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है रीवा रोड पर एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट के सामने शहर से तेज रफ्तार फाच्यूंनर ने कार में जोरदार टक्कर मार दी कार पलटने से उसमें सवार चैथम लाइन तेलियरगंज निवासी जॉय गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कार सीधी कर उसमें फंसे जॉय को बाहर निकाला।

# शिवराजपुर में ट्रक और टेम्पो की भिड़ंत में दो की मौत, कई घायल

अखंड भारत संदेश







**शंकरगढ़।** चित्रकूट हाईवे पर रविवार को तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से टेंपो चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग घायल हैं। घायलों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चियां शामिल हैं। यह हादसा यमुनानगर के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के शिवराजपुर में हुआ। हादसे की खबर होते ही एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। मृतकों के शवों को चीरघर भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक रविवार को पूर्वाह्न लगभग दस बजे एक टेंपो गौहनिया से सवारियों को लादकर शंकरगढ़ की तरफ जा रहा था। जैसे ही टेंपो शिवराजपुर के नजदीक पहुंचा, एक तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो में टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर लगने से टेंपो सड़क किनारे झाड़ियों में चला गया। हादसे के बाद मची चीख-पुकार सुन आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े और घायलों को टेंपो से निकालकर पुलिस को सूचित किया। तब तक पुलिस भी मौके पर पहुंच चुकी थी और एंबुलेंस के जरिए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ ले जाया गया। जहां टेंपो चालक सिकंदर उर्फ बाबू (30) पुत्र स्व. जुम्मन निवासी पोतनिहा,अमरेहा, गौहनिया और गुलाब (45)पुत्र स्व. रामभवन, डीका, मारकुंडी, कर्वी,चित्रकूट को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि आधा दर्जन सवारियों में डीका, मारकुंडी, कर्वी,चित्रकूट की रचना (10)पुत्री गुलाब और तारा (35) पत्नी गुलाब,मध्य प्रदेश के पुरवा सोहागी निवासी धर्मराज तिवारी, शंकरगढ़ के चिकान टोला निवासी नकाई और टिकरी कला निवासी पूजा को चोटें आई।सभी को सीएचसी शंकरगढ़ में भर्ती कराया गया,जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद सभी को रेफर कर दिया गया।इसमें से अधिकतर लोगों के बाएं पैर फ्रैक्कर हो गए हैं और कुछ को हाथ में भी गंभीर चोटें आई हैं।



## सड़क हादसे में सप्लाई इंस्पेक्टर की हुई मौत

### नैनी जा रहै थे भाई से मिलने इलेक्ट्रिक बस ने बाइक में मारी टक्कर

**नैनी।** नैनी नए यमुना पुल पर टोल प्लाजा के पास शनिवार देर शाम बाइक सवार सप्लाई इंस्पेक्ट इलेक्ट्रिकि बस की चपेट में आ गए गंभीर रूप से घायल होने पर उनकी मौके पर मौत हो गई उधर से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराई उसके बाद पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया नए यमुना पुल का करीब 23 साल बाद मरम्मत कार्य चल रहा है। फ्रांसीसी कंपनी इसकी बैरिंग बदलने और रिपेयरिंग का कार्य कर रही है। इसके लिए 3 महीने तक का भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतेबंध लगाया गया है पूरे पुल को वन वे कर दिया गया है, जिससे वाहनों की भीड़ ज्यादा रहती है शनिवार की देर शाम बाइक सवार नैनी की तरफ जा रहा था। वन वे हो चुके पुल पर बंद टोल प्लाजा के पास इलेक्ट्रॉनिक बस ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई नैनी पुलिस मौके पर पहुंची और उसके टूटे मोबाइल का सिम निकाल कर दूसरे मोबाइल में लगाया गया इसके बाद परिजनों को फोन कर हादसे की जानकारी दी गई जेल रोड चौकी इंचार्ज सुमित त्रिपाठी ने बताया कि मृतक की पहचान भीम सिंह (50 ) पुत्र स्वर्गीय गंगापाल सिंह निवासी विश्वनाथगंज, देल्हूपुर, प्रतापगढ़ के रूप में हो गई है मृतक सप्लाई इंस्पेक्टर थे संत कबीरनगर में तैनात थे वह अपने भाई से मिलने नैनी जा रहा थे।

# चक्रवाती तूफानी हवाओं ने बरपाया कहर पेड़ गिरे और दिनभर गुल रही बिजली

**शंकरगढ़।** एक तरफ आसमान से आग बरस रही है तो दूसरी तरफ तूफानी हवाओं ने यमुनापार के शंकरगढ़ क्षेत्र में कहर ढा दिया है। शनिवार की रात के दूसरे पहर चली तेज हवाओं से कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए। बिजली के तार टूट गए। रात ध्वस्त हुई व्यवस्था को बनाने में आज पूरा दिन बीत गया। कई-कई स्थानों पर दूसरे पहर तक बिजली नहीं आई थी। मौसम का मिजाज इस वर्ष कुछ समझ में नहीं आ रहा है। एक पखवारा पूर्व तक मौसम का मिजाज मिला-जुला रहा। गर्मी भी अभी हद में ही रही, लेकिन जेठ के दूसरे पखवारे में मौसम का मिजाज गर्म होने लगा और दिन का अधिकतम तापमान 42 प्लस चला गया। मौसम में गर्मी का मिजाज यही बना हुआ है। भीषण गर्मी से चौतरफा लोग हांफ रहे हैं। शंकरगढ़ क्षेत्र में जलस्तर भी नीचे चला गया है। बूंद-बूंद पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। इधर, शनिवार की रात को दूसरे पहर शंकरगढ़ क्षेत्र के अचानक से मौसम बदला और तेज हवाएं चलने लगीं। तेज हवाओं ने जब इलाके में दस्तक दी, पूरा क्षेत्र में गहरी नींद में था, लेकिन टीन शेड के उड़ने, बिजली के गुल होने और खटर-पटर की आवाज से लोगों की नींद टूटी और लोगों ने खिड़की खोली तो खिड़की संभाले नहीं संभल रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात दो बजे से शुरू हुआ तूफान का कहर लगभग एक घंटे तक क्षेत्र में बना रहा। इस दौरान कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए। बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। रास्ते पर पेड़ों के गिरनेसे आज सुबह





आवागमन के लिए भी लोगों को मेहनत करनी पड़ी। हालांकि, रविवार को उजाला होने पर लोगों की बीती रात हुई तबाही का मंजर साफ दिखा। इलाके में बिजली आपूर्ति दुरुस्त करने में विद्युत महकमा दूसरे पहर तक डटा रहा।

## गोमती का ताला तोड़कर हजारों की चोरी व टूयूबवेल की खिड़की काटकर स्टेपलाइजर चोरी

**मऊआइमा।** मऊआइमा में अज्ञात चोरों में एक गोमटी का ताला तोड़क हजारों का सामान पार कर दिए। भुक्तभोगी ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। मऊआइमा थानाक्षेत्र के ग्राम मादीपुर निवासी राधेश्याम पटेल पुत्र स्व जगनरायन पटेल अपने गांव से निकल रही सोरांव कल्याणपुर मार्ग के किनारे गोमटी रख कर चाय पान की दुकान खोले हैं। रोज की तरह शनिवार की बीती शाम को गोमटी बंद कर अपने घर चला गया। जब रविवार सुबह दुकान आया तो देखा कि गोमटी के नीचे वाले हिस्से की पटरी निकाल कर गोमटी में रखे हजारों रुपए के सामान चोरी कर ले गए ।


इसी प्रकार मऊआइमा इलाके में ट्यबवेल की खिडकी काट कर चोर स्टेप्लाइजर चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने एक को नामजद करते हुए अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के हरिसेनगंज गांव निवासी रामबहादुर पटेल पुत्र शिवनाथ पटेल के मुताबिक वह अपने खेत में ट्यबवेल लगए हुए था। रामबहादुर का आरोप है कि चोरों ने ट्यबवेल की खिडकी काट कर स्टेप्लाइजर चोरी कर ले गए।

# गोकशी के लिए ले जाया जा रहा गोवंश लदा ट्रक पलटा, तीन बैलों की हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** जसरा रेलवे क्रॉसिंग के समीप मोड़ पर देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसमें लदे सभी गोवंश एक दूसरे के ऊपर दब गए। जब तक निकाला जाता 3 बैलों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची घूरपुर पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से किसी प्रकार से बैलों के बंधन को काटकर बाहर निकाला। शनिवार की देर रात लगभग 1:30 बजे एक ट्रक जिसमें लगभग दो दर्जन गोवंश लगे हुए थे जो बारा से प्रयागराज की ओर जा रही थी। जैसे ही वह रेलवे क्रॉसिंग के समीप मोड़ पर पहुंची तो तेज रफ्तार होने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई । इतने में ड्राइवर ट्रक से निकल कर भाग गया । पलटी ट्रक सड़क के किनारे स्थित एक दुकान में जा घुसी। जिससे दुकान के बाहर लगी छावनी टूट गई । सूचना पाकर कर्मा चौकी इंचार्ज उमाशंकर मौके पर पहुंच गए तथा आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों

### पुलिस ने ट्रक में फंसे हुए बैलों को निकाला





व स्थानीय लोगों की सहायता से सभी जानवरों के बंधन को काटकर लगभग 2 घंटे की मशक्कत के बाद किसी प्रकार से बाहर निकाला। इस दौरान 3 गोवंश की मौत हो गई। वहीं अन्य गोवंश निकलने के बाद इधर उधर भाग गए। उसके बाद जेसीबी की मदद से ट्रक को वहां से हटाया गया। तथा मरे हुए गोवंश को ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर कहीं ले गए। चौकी प्रभारी कर्मा ने बताया कि ट्रक के नंबर व इंजन नंबर की जांच करके मालिक का पता लगाया जा रहा है। जिसके बाद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने गोकशी के बारे में कहा कि इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने ट्रक को जेसीबी की मदद से हटाकर कब्जे में ले लिया।

# संतोष मिश्रा हत्या मामले में पुलिस ने किया पदार्फाश अपराधी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** थरवरी थाना क्षेत्र के सिंगरामऊ गांव में विगत 10 दिन पहले बाग में संतोष मिश्रा पुत्र छविनाथ मिश्रा की अज्ञात अपराधियों द्वारा सिर कूंच कर हत्या कर दी गई थी। जिसमें थरवई पुलिस एवं एसओजी गंगानगर की संयुक्त टीम ने हत्या मामले का खुलासा करते हुए दो अपराधी एवं एक अपराधीनी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि 29/30 मई की रात हंडिया कोखराज नेशनल हाईवे के किनारे सिंगरामऊ की बाग में रात में सो रहे संतोष मिश्रा पुत्र छविनाथ मिश्रा 45 वर्षीय की अज्ञात अपराधियों ने सिर कूंच हत्या कर दी थी। जिसमें मृतक संतोष मिश्रा के भाई मुकेश मिश्रा के लिखित तहरीर पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया था। संतोष मिश्रा हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस उपायुक्त गंगानगर के निर्देशन में थरवरी पुलिस




एवं एसओजी गंगानगर की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को सुबह मलाका मय भैंसाही स्थित अंडरपास से घेराबंदी कर अभियुक्त दुर्गा चरण उर्फ गुड्डन पुत्र सालिगराम 32 वर्षीय, मनोज मिश्रा पुत्र छविनाथ मिश्रा 42 वर्षीय एवं मीरा मिश्रा पत्नी मनोज मिश्रा निवासी गंण चनई का पूरा सिंगरामऊ थाना थरवई को गिरफ्तार कर लिया। अपराधियों ने जुर्म कबूल करते हुए हत्या में प्रयुक्त सामग्री बरामद कराई। अभियुक्तों द्वारा हत्या में प्रयुक्त सामग्री में एक अदद खून लगा हुआ डंबल लोहे का, एक अदद शपथ पत्र एवं खून लगा हुआ प्रयुक्त हुआ एक टी-शर्ट व एक हाफ पेंट बरामद किया गया। पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ थाने में अपराध की विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी थाना थरवई, उप निरीक्षक सोहराब अहमद थाना थरवई, कांस्टेबल राकेश यादव थाना थरवई, कांस्टेबल अमित कुमार थाना थरवई, महिला कांस्टेबल बंदना यादव थाना थरवई, महिला कांस्टेबल रागिनी यादव थाना थरवई, उप निरीक्षक सुखचैन तिवारी प्रभारी सर्विलांस सेल गंगानगर, कांस्टेबल अंकित वर्मा सर्विलांस सेल गंगानगर, हेड कांस्टेबल सिद्धार्थ शंकर राय एसओजी टीम गंगानगर, हेड कांस्टेबल याकूब अहमद एसओजी टीम गंगानगर, हेड कांस्टेबल आनंद बहादुर सिंह एसओजी टीम गंगानगर, हेड कांस्टेबल धनंजय राय एसओजी टीम गंगानगर, कांस्टेबल रविन्द्र यादव एसओजी टीम गंगानगर, कांस्टेबल पियूष पंकज चौहान एसओजी टीम गंगानगर एवं आरक्षी चालक राम इकबाल एसओजी टीम गंगानगर जोन कमिश्नरेट प्रयागराज शामिल रहे।

## मनाई गई शहीद रामप्रसाद बिस्मिल की जयंती

**सहसों।** क्षेत्र के रामनगर में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की क्रांतिकारी धारा के मुख्य सेनानी पंङ्ग राम प्रसाद बिस्मिल जी की जयंती रविवार को गोष्ठी आयोजित कर मनाई गई। मातृ भूमि की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले पंङ्ग राम प्रसाद बिस्मिल जी ब्रिटिश साम्राज्य के काकोरी और मैनपुरी में हुए अत्याचार और अन्याय को रोकने के लिए मुहतोड़ जवाब दिए। इस अवसर पर गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए आदर्श शिक्षा सेवा समिति के प्रबंधक शिवा कांत पांडे ने बिस्मिल जी को श्रद्धा सुमन के साथ याद करते हुए कहा कि पंङ्ग राम प्रसाद बिस्मिल जी वीरता और साहस की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने देश वासियों में जोश भरने के लिए कई रचनाएं लिखी, जिससे प्रेरणा पाकर कई युवा क्रांतिकारी बने। मातृभूमि के स्वतंत्रता के लिए उनके त्याग और बलिदान को सदैव याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी एवं भाजपा युवा नेता शास्वत अशोक तिवारी, निर्मल पांडे, जुम्मन नेता, शुभम पांडे, गौरव पांडे, मनोज त्रिपाठी, गौरव पांडे, हिमांशु पांडे एवं नितिन त्रिपाठी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# शंकरगढ़ थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

### एसीपी ने समझाई सरकार की गाइडलाइन, पांच जुलाई से शुरू हो रहा सावन, सड़क पर भंडारा के लिए लेनी होगी परमीशन

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** सावन माह में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर रविवार को शंकरगढ़ थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। एसीपी संतलाल सरोज की अगुवाई में आयोजित बैठक में सर्व धर्म के संभ्रांत लोगों को सरकार की गाइड लाइन से अवगत कराया गया। एसीपी संतलाल सरोज ने कहा कि सभी त्योहारों को परंपरागत तरीके से मनाया जाए। इस दौरान किसी भी प्रकार के नवाचार की अनुमति नहीं दी जाएगी। जो, जहां पर जिस प्रकार से होता आया है, उसी प्रकार त्योहार मनाए जाएंगे। एसीपी संतलाल सरोज ने कहा कि लोग परंपरात तरीके से पर्व मनाएं। सड़क पर या रोड के किनारे भंडारा करने के लिए परमीशन लेनी होगी। उस दौरान बरसात का मौसम रहेगा, इसलिए कांवड़ियों के लिए टेटं लगाकर पानी इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी।



एसओ मनोज कुमार सिंह ने सभी क्षेत्रवासियों से परंपरागत स्वरूप में ही सावन और बकरीद के पर्व को मनाने की अपील की। कहा कि यदि किसी को कोई समस्या होती है तो वह तत्काल संबंधित विभाग में संपर्क करें। पुलिस से संबंधित शिकायत के लिए डायल 112 पर फोन मिलाएं। इस दौरान कस्बावासियों और स्थानीय लोगों की समस्याओं भी सुनी गईं। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद्र गुप्ता, महामंत्री रतन केसरवानी, उपाध्यक्ष जय केसरवानी, सभासद प्रकाश चंद्र गुप्ता, पूर्व सभासद सुजीत केसरवानी, सभासद प्रतिनिधि दीपक केसरवानी, राजेश केसरवानी, अजय केसरवानी, अरविंद केसरवानी, प्रधान सुभाष कुमार, प्रधान प्रतिनिधि परमेश्वर सिंह,प्रधान ज्ञानेंद्र मिश्रा, दिलीप केसरवानी, मंगलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## सुदामा चरित्र वर्णन, परीक्षित मोक्ष की कथा श्रवण करके भक्तगण हुए मंत्रमुग्ध



**प्रतापपुर।** कटेहरी गांव में मुख्य यजमान जीतेंद्र नाथ द्विवेदी, प्रेमशिला द्विवेदी के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन दिवस पर रविवार को कथा व्यास भागवताचार्य धनंजय द्विवेदी महाराज ने सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष के साथ कथा का समापन करते हुए कई कथाओं का भक्तों को श्रवण करवाया, जिसमें प्रभु कृष्ण के 16108 शादियों के प्रसंग के साथ, सुदामा प्रसंग और परीक्षित मोक्ष की कथाएं सुनाई। उन्होंने बताया सुदामा जी के पास कृष्ण नाम का धन था संसार की दृष्टि में गरीब तो थे, लेकिन दरिद्र नहीं थे अपने जीवन में किसी से कुछ मांगा नहीं। पत्नी सुशीला के बार-बार कहने पर सुदामा अपने मित्र कृष्ण से मिलने गए भगवान के पास जाकर भी कुछ नहीं मांगा लेकिन भगवान ने अपने स्तर से सब कुछ दे दिया। सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया। महाराज ने भक्तों को भागवत को अपने जीवन में उतारने की बात कही, जिससे सभी लोग धर्म की ओर अग्रसर हो साथ ही भक्तों को बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है, तो वहीं इसे करवाने वाले भी पुण्य के भागी होते है। कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया जिसमें अंबरीष द्विवेदी, श्याम जी द्विवेदी, नीतीश द्विवेदी, सात्विक द्विवेदी, हर्षित द्विवेदी राघव, राय गोविंद द्विवेदी, वीरेंद्र कुमार द्विवेदी, नंदलाल त्रिवेदी, बैकुंठ नाथ, राजेश द्विवेद्वी, जय मिश्रा, चंचल दुबे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# स्वयं सहायता समूहों से बदली महिलाओं की जिंदगी : वंदना सिंह

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** भाजपा महिला मोर्चा का महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा प्रयागराज द्वारा महिलाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए हमेशा से समर्पित रहकर स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय कर उन्हें सरकार ने अनुदान राशि देकर स्वरोजगार स्थापित करने में मदद प्रदान किया है। जिससे उनका न केवल जीवन स्तर सुधरा है बल्कि आर्थिक रूप से भी वह स्वावलंबी बन रहीं हैं। उक्त बातें भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री और जनपद गंगापार प्रयागराज की प्रभारी वंदना सिंह ने गंगापार के कई गांवों में स्वयं सहायता समूहों से जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। उन्होंने कहा सरकार से मिलने वाले अनुदान से महिलाओं ने अपना खुद का ब्यूटी पार्लर, जानवर पालन, सिलाई कढ़ाई केन्द्र, दोना पत्तल मशीन, जनरल स्टोर आदि



का व्यवसाय प्रारंभ कर दिया है। वंदना सिंह ने इस जनसंपर्क के दौरान महिलाओं को अपने स्वरोजगार में आने वाली समस्याओं की जानकारी लेते हुए उसे दूर कराने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने भवन लाभार्थियों से भी मिलकर शासन से प्राप्त सुविधाओं पर बातचीत किया। लाभार्थियों ने स्वयं सहायता समूहों से प्राप्त धनराशि से शुरू किए गये अपने व्यवसाय के अनुभव को उनसे साझा किया। बंदना सिंह ने इस दौरान ग्राम सभा चकिया घरहरा, महरौड़ा, थानापुर, सहसों एवं देवनहरी गांव के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से सम्पर्क कर उनके द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त किया। जनसम्पर्क अभियान में मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा बहादुरपुर ललिता पटेल, जिला संयोजिका महिला मोर्चा अम्बिका पटेल एवं शकुंतला शुक्ला प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

## बरांव में जल जीवन मिशन के तहत समूह की महिलाओं को किया जागरूक

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत बरांव में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्टेट कंसल्टेंट चारु शुक्ला के भ्रमण किया भ्रमण मे जल जीवन मिशन से सम्बन्धित समूहों ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति तथा पानी जांच टीम के साथ साथ ग्रामीणों से सीधे संवाद किया तथा प्रधान द्वारा गये कार्य और बचे हुए कार्यों के बारे में चर्चा किया गया जल जीवन मिशन के बारे में जिला कंसल्टेंट शिवा कान्त द्विवेद्वी ने ग्रामीणों से सवाल करते हुए सभी को बताया कि यह हमारे देश में चलाई जा रही महात्वाकांक्षी योजना है इसमें सभी की भागीदारी जरूरी है तभी लक्ष्य को हर घर जल को प्राप्त



किया जा सकता है तथा पानी के संचयन के लिए भी ग्रामीणों को समझाया गया बैठक में ग्राम प्रधान बंजरगी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और गांव के करायें गये कार्य को विस्तार से बताया तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र को भी स्टेट कंसल्टेंट को दिखाया गया बैठक में पंचायत सहायक सरीता आजीविका मिशन से सुषमा पन्ना लाल रमेश गोस्वामी जय प्रकाश तारा चंद्र आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### खिड़की की ग्रिल से लटका मिला दूध कारोबारी का शव



**प्रयागराज।** कैंट थाना क्षेत्र में दूध विक्रेता रविवार को सुबह घर के अंदर रस्सी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। परिवार के लोग हत्या की आशंका जता रहे हैं, जबकि पुलिस सुसाइड मान रही है। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।अशोकनगर के मऊ सरैया मोहल्ले में रहने वाले महेश यादव (50) अपनी पत्नी पुष्पा यादव और दो बेटों अमन और अनमोल यादव के साथ रहते थे। वह दूध का कारोबार करते थे। परिवार वालों ने बताया कि रोज की तरह शनिवार की रात करीब 12:00 से 12:30 बजे के बीच वह अपने कमरे में सोने चले गए। पत्नी और बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे।रविवार सुबह पत्नी पुष्पा यादव, जब उठीं तो उनके कमरे में गई। वहां महेश यादव खिड़की के रॉड में रस्सी के फंदे से लटके हुए थे। यह देख उनकी चीख निकल गई। चीख सुनकर दोनों बेटे और आसपास के लोग आ गए। पुलिस को खबर दी गई। पुलिस पहुंची शव को फंदे से नीचे उतारा। कमरे की छानबीन की गई, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। घरवालों ने हत्या की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है।

# युवक की जानी थी बरात रोड एक्सीडेंट में हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के मामा भांजा पावर हाउस के दूसरे गेट के सामने बस की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत, मृतक युवक की आज होनी थी शादी, मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी। रीवा राजमार्ग पर बस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की बरात तीन घंटे के बाद जानी थी। वह पार्लर आया था। घर में तैयारियां चल रही थीं। अचानक हुए हादसे के बाद खुशियां मातम में बदल गई। परिवार में हर तरफ चीख पुकार और रोने की ही आवाज सुनाई देने लगी। मिली जानकारी के अनुसार घूरपुर थाना क्षेत्र के बोगी बसवार गांव निवासी कमलेश निषाद (23) की रविवार को शादी थी। शाम को करीब सात बजे उसकी बारात जानी थी। बारात करछना थाना क्षेत्र के डीहा गांव में जानी थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थी। दूल्हा कमलेश नैनी स्थित पार्लर आया था। रीवा राजमार्ग पर मामा भांजा तिराहे पर बाइक इस पटरी पर खड़ी कर वह सेलून की दुकान में गया था। सेलून से लौटते डिवाइडर में पैर फंसने के बाद वह सड़क पर गिर गया। इसी दौरान वह तेज रफ्तार बस की चर्पेट में आ गया। बस में पफंसकर वह काफी दूर तक घिसटता रहा। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### रविवार को शादी थी शाम को करीबसात बजे घर से जानी थी बारात



मृतक कमलेश निषाद


घटना की सूचना घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। शादी की खुशियां मातम में बदल गई। कमलेश निषाद तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह तमिलनाडु में किसी प्राइवेट फर्म में नौकरी करता था। एक माह पहले ही वह शादी के लिए छुट्टी लेकर घर आया था।

## ट्रैक्टर ट्राली से टकराई कार सवार दो युवकों की मौत

**नवाबगंज थाना क्षेत्र के प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर टिकरी गांव के सामने शनिवार देर रात हुआ हादसा, अजय यादव और संदीप यादव अपने परिवार के इकलौते सदस्य थे**

अखंड भारत संदेश






**प्रयागराज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर टिकरी गांव के सामने देर रात तेज रफ्तार कार के ट्रैक्टर ट्राली से टकराने से कार में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की भयावहता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि कार प्रयागराज की तरफ आ रही थी, लेकिन टक्कर के बाद उसकी दिशा लखनऊ की तरफ हो गई। कार सड़क से कुछ दूर पर स्थित एक मंदिर से टकराने के बाद खड़ में जा गिरी। हादसे की आवाज सुनकर गांव के लोग जब तक पहुंचते तब तक दोनों की सांसें थम चुकी थीं। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दोनों युवक अपने मां-बाप के इकलौते पुत्र थे फाफामऊ थाना क्षेत्र के सुर्मरी का पुरा गांव निवासी अजय कुमार यादव (28) प्रॉपटीं डीलिंग का कार्य करता था शनिवार की देर रात वह अपनी क्विड कार से गांव के ही रहने वाले संदीप यादव (23) के साथ अपने किसी दोस्त को छोडने के लिए नवाबगंज गए थे उसको छोड़कर लौटते समय रात्रि करीब साढ़े बारह बजे नवाबगंज थाना क्षेत्र के टिकरी गांव के सामने प्रयागराज -लखनऊ हाईवे पर उनकी तेज कार गिट्टी और सरिया लदे ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई गाड़ी अजय यादव चला रहा था टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार प्रयागराज की ओर आ रही थी लेकिन हादसे के बाद उसकी दिशा बदलकर लखनऊ की तरफ हो गई। इसके बाद कार सड़क से कुछ दूर स्थित एक मंदिर से टकराने के बाद पास के खड् में जाकर पलट गई दोनों दोस्त कार में ही फंस गए। जब तक लोग पहुंच पाते दोनों की मौत हो गई थी। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कार से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे के शिकार हुए अजय यादव और संदीप यादव अपने परिवार के इकलौते सदस्य थे। इनकी मौत से परिवार के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा अजय यादव प्रॉपटी डीलिंग का काम करता था, जबकि संदीप यादव शादी में डीजे, लाइट और साउंड आदि लगाकर परिवार का भरण पोषण करता था। संदीप के परिवार की आर्थिक स्थित काफी कमजोर है संदीप की शादी भी नहीं हुई थी अजय यादव की शादी हो चुकी है उसकी दो बेटियां लाडो (4) और लवी (2) वर्ष हैं जिनके सिर से पिता का साया उठ गया। पत्नी का भी रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

# शिवकुटी में शिक्षक की पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**दो साल पहले की थी लव मैरिज, अफेयर को लेकर पति-पत्नी में होता था विवाद**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** के शिवकुटी थाना में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली आत्महत्या की वजह उसका पति पर शक करना बताया जा रहा है उसके इस कदम से पति और उसके परिवार के लोग स्तब्ध हैं। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इसके बाद पति को हिरासत में ले लिया है। उसे पूछताछ की जा रही है। मूल रूप से कानपुर जिले के संचेंदी थाना क्षेत्र में भयला मऊ निवासी अर्पित पांडेय प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित एक कोचिंग में टीचर है। शिवकुटी थाना क्षेत्र जोंधवल मोहल्ले में किराए का मकान लेकर रहता है। उसने करीब दो ढाई साल



मृतका अनुराधा की फाइल फोटो।

पहले फतेहपुर जिले की रहने वाली अनुराधा शुक्ला से लव मैरिज की थी। शादी के बाद दोनों जोंधवल वाले मकान में साथ रहने लगे। इस बीच दोनों को रिश्ते में तकरार भी होने लगी थी पुलिस का कहना है कि अनुराधा को शक था कि अर्पित का किसी और से अफेयर चल रहा है। इस बात को लेकर दोनों में अक्सर विवाद होने लगा था। रविवार को भी दोनों के बीच इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। जिसके बाद अर्पित पांडिय घर से बाहर निकल गया था। अनुराधा कमरे में अकेली थी। अनुराथा जिस कमरे में झगड़ा हुआ। उसके बगल वाले कमरे में जाकर पंखे में दुपट्टे के पफंदे से फांसी पर लटक गई । कुछ देर बाद जब अपित घर लौटा, तो अनुराधा को ढूंढने लगा। बगल वाले कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। उसने आवाज लगाई। लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। शक होने पर उसने पुलिस को सूचना दी पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया, तो अंदर कमरे में अनुराधा फांसी के फंदे पर लटक रही थी। यह देख अर्पित स्तब्ध रह गया। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार कर कमरे की छानबीन की। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उसके पति अर्पित पांडेय को हिरासत में लेते हुए पुलिस ने उसके मायके और ससुराल वालों को सूचना भेज दी है। शिवकुटी थाना प्रभारी मनीष त्रिपारठी का कहना है कि अभी परिवार के लोग नहीं आए हैं। उनके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शव का शिवकुटी थाना प्रभारी मनीष त्रिपाठी का कहना है कि अभी परिवार के लोग नहीं आए हैं। उनके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया जाना है।

### बहन की डोली उठने से पहले उठ गई भाई की अर्थी...

**प्रयागराज।** बहन की शादी के दिन अपने चाचा को बुलाने गए युवक की ट्रक से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। परिवार की शादी की खुशियां मातम में बदल गई । नगर पंचायत कोरांव के चमनगंज निवासी रियाज अहमद उम्र 18 वर्ष पुत्र मोहम्मद यूनुस के बहन रुखसार की शनिवार को बारात आई थी । रियाज कांशी राम आवास में रहने वाले अपने चाचा को बुलाने बैदवार गांव गया था । वहां से वापस लौटते समय तहसील मोड़ के पास पीछे से आ रही ट्रक ने रियाज को कुचल दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रियाज के स्वजनों को जैसे ही इस बात की जानकारी मिली पूरे घर में मातम छा गया । सैकड़ों की संख्या में लोग थाने पहुंच गए। शुक्रवार को रियाज के बड़े भाई नियाज की बारात भदोही गई थी पूरे परिवार में हंसी खुशी का माहौल था लेकिन ईश्वर की नियति ने खुशी पर कुठाराघात कर दिया। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। लोगों ने ट्रक का पीछा किया तो उसे कोहड़ा र घाट में पकड़ लिया गया। घटना के बाद पिता यूनुस, माता हसीना, बहन रुखसार सहित सभी परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल रहा।

# किशोर की सरेआम गोली मारकर हत्या

**मिनी ट्यूबवेल के कमरे में दागी गोलियां, मेजा थाना क्षेत्र के बिसनेनपुर गांव का मामला**

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र के बिसनेनपुर गांव में एक किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दिन दहाड़े हुई घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। हत्यारों का सुराग नहीं लग सका है। मेजा थाना क्षेत्र के बिसेनपुर गांव में रविवार को दोपहर में मिनी ट्यूबवेल के कमरे में डोहरिया गांव के युवक सानू सिंह (17) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह मिनी ट्यूबवेल सुचिता सिंह का बताया जा रहा है। चर्चा है कि सानू ने किसी को फोन करके बुलाया था। जब वह शख्स आया तो उसने सानू को गोली मार दी। गोली चेहेर में मारी गई, जिससे सानू की मौके पर ही मौत हो गई। दिन दहाड़े हुए वारदात से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पाते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। गोली किसने मारी और सानू ने किसे फोन करके बुलाया था पुलिस इसकी तफ्तीश कर रही है। जिस तमंचे से गोली मारी गई वह तमंचा भी कमरे में पड़ा मिला, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

## भोर में हुई बारिश के बावजूद तापमान में नहीं दिखा खास असर, दिन में आसमान से बरसती रही आग

**प्रयागराज।** सूरज ने रविवार को भी अपने तेवर दिखाए। गर्म हवाओं ने तो झुलसाया ही, धरती भी गर्म तवे की तरह तपती रही। ऐसे में उमस ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। आगे भी ऐसा ही मौसम रहने की चेतावनी दी गई है। रविवार को शहर के कई इलाकों राजरूपपुर, कालिंदीपुर, झलवा आदि में भोर में सवा चार बजे के करीब तेज आंधी के साथ बरसात भी हुई, लेकिन दिन में तापमान में इसका कोई असर नहीं दिखा।शनिवार को को अधिकतम तापमान 44.3 डिग्री सेल्सियस रहा। इस तरह दिन के तापमान में मामूली कमी दर्ज की गई, लेकिन तपिश में किसी तरह की कमी महसूस नहीं की गई। सुबह से ही लोग गर्मी से बेहाल रहे, वहीं सूरज चढ़ने के साथ ही हालात और ज्यादा खराब होते गए।शुक्रवार-शनिवार की रात का तापमान भी 30 डिग्री के आसपास रहा। ऐसे में लोगों की रात भी करवटें बदलते बीती। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में मामूली कमी की उम्मीद है, लेकिन लू के थपेड़ों के लिए तैयार रहना होगा। न्यूनतम तापमान 30 डिग्री के करीब ही रहने की उम्मीद है। रविवार को अधिकतम तापमान 44 और न्यूनतम 31.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भीषण गर्मी और धूप के चलते लोग छांव तलाशते रहे।रविवार को भोर में सवा चार बजे के करीब शहर के झलवा, कालिंदीपुर, राजरूपपुर, चकिया इलाके में तेज आंधी के साथ मामूली बारिश हुई, लेकिन सुबह सूर्योदय अपने समय पर हुआ। बावजूद इसके तापमान में कोई विशेष कमी नहीं दर्ज की गई। तापमान में मामूली गिरवाट देखी गई लेकिन दिन में आसमान से आग बरसते रहे। रविवार का दिन होने के कारण लोगों ने गर्मी और तपिश के चलते घर में रहना पसंद किया। सोमवार और मंगलवार को भी हीट वेव की चेतावनी जारी की गई है। इसके बाद पूरे सप्ताह तापमान 42 डिग्री तक रहने की संभावना जताई गई है।

# हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता के सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, मची खलबली

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के हवेलिया वार्ड 52 में शनिवार की रात शातिर चोरों ने हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता के सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों के आभूषण पार कर दिए। महिला अधिवक्ता अपने बीमार ससुर को देखने के लिए पति के साथ फतेहपुर गई थीं। इसी बीच शातिर चोरों ने घटना को अंजाम दे दिया। घटना की जानकारी रविवार की सुबह हुई तो खलबली मच गई। सूचना मिलने पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और तफ्तीश की। तहरीर दिए जान के बावजूद देर शाम तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई थी। चोरी की वारदात की जानकारी मिलने पर महिला अधिवक्ता भी फतेहपुर से यहां आ गई थीं। हाईकोर्ट की महिला अधवक्ता गजाला बानो कादरी परिवार के साथ झूंसी हवेलिया में रहती हैं। घर के सामने ही उनका मायका भी है। ससुर के बीमारी की जानकारी मिलने पर महिला अधिवक्ता गजाला 10 जून की शाम तकरीबन चार बजे पति के साथ उन्हें देखने के लिए फतेहपुर चली गईं।

**महिला अधिवक्ता पति के साथ बीमार ससुर को देखने गई थीं फतेहपुर, मकान पर बंद था ताला**



इस दौरान मकान पर ताला बंद था। इसी बीच शनिवार की रात शातिर चोरों ने महिला अधिवक्ता के सूने मकान पर धावा बोल दिया। शातिर चोर मुख्य गेट से मकान के भीतर दाखिल हुए थे। चोरों ने मकान के एक-एक कमरे को खंगाल दिया था। कमरे के भीतर रखी लोहे की आलमारी के लॉकर का ताला तोड़कर उसके भीतर रखा 12 लाख 4&000 कैश और आठ लाख रुपये की कीमत के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। रविवार की सुबह मायकेवालों ने मुख्य गेट और दरवाजे का ताला टूटा देखा तो सन्न रह गए। भीतर गए तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना इलाकाई पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुंची और तफ्तीश की। सूचना मिलने पर महिला अधिवक्ता गजाला भी दोपहर में फतेहपुर से घर पहुंची। बाद में महिला अधिवक्ता की ओर से अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई। हालांकि देर शाम तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई थी। वारदात से इलाके के लोग भी सकते में थे। मौके पर लोग भारी संख्या में जुटे रहे।

## न्यूज झरोखा

### अरैल में श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान



**नैनी।** नैनी सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान ने रविवार को श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर अरैल पर कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में जल संरक्षण, स्वच्छता एवं सिंगल यूज पालीथीन मुक्त प्रयागराज पर जन जागरण अभियान चलाया गया वरिष्ठ मार्गदर्शक गणेश प्रसाद अग्रवाल एवं कमलेश जायसवाल ने प्रयागराज वासियों से स्वच्छता के प्रति एक जन जागरूकता संदेश देकर आम जनमानस से दृढ़ संकल्पित प्रतिज्ञा एवं एक विनम्र अपील की,कि ना हम सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों एवं गंगा यमुना त्रिवेणी तटों पर गंदगी करेंगे,ना ही किसी को करने देंगे कार्यक्रम में संतोष तिवारी अध्यक्ष , कुंवर जी तिवारी प्रबंधक सचिव, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, महेश प्रसाद केसरवानी, ऋषि दीक्षित, शुभेंदु घोष, संदीप कुमार सिंह,डां प्रमोद मिश्रा,डां एस.बी.यादव, संदीप सिंह, बब्रुवाहन सिंह, प्रवीण तिवारी, आत्म प्रकाश यादव, राजेश सिंह राठौर,रवि पटेल, युवराज सिंह राठौर, दिलीप जायसवाल, धर्मेंद्र मिश्रा,रामचंद्र जायसवाल, संतोष जायसवाल, उमाशंकर जायसवाल, रमेश निषाद, कुंवर अलख प्रताप सिंह, तुलसी तिवारी, सिद्धी सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मऊआइमा थाने में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**खुले में मांस कत्तई न ले जाएं मांस ढक कर ले जाएं : एसीपी**



**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना परिसर में रविवार को आगामी त्योहार ईदुलजुहा को मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक की गई जिस में एसी पी मनोज सिंह ने कहा कि कुबार्नी का मांस खुले में कत्तई न ले जाएं। उसे बंद कर के ले जाएं। आपसी भाईचारा के साथ पर्व मनाये। मऊआइमा थाना परिसर में रविवार को शाम के समय बकरा ईद के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक हुई.। जिसमें बडी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिए। इस मौके पर एखत्रित लोगों से एससी पी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि छोटे जानवरों की कुबार्नी घरों में छिपा कर करें। बडे जानवरों की कुबार्नी मऊआइमा कस्बा स्थित स्लाटर हाउस पर करें। एसीपी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले में मांस न ले जाए। सभी लोग मांस को ढक कर ले जाएं। तथा बकरा ईद पर आपसी बाई चारा बनाएं रखें कानून को कत्तई अपने हाथों में न लें। कोई बात होती है कि तो पुलिस को सूचना दें।आपसी भाई चारा के साथ त्योहार मनाएं। इस अवसर इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने कहा कि वह अपने दल बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण करते रहेंगें। हर संभावित क्षेत्रों में पुलिस मौजूद रहेगी। इस अवसर पर रामसजीवन पटेल ,अमजद हुसैन ,राम नेवाज ,अमरेंद्र पासी ,ललन प्रधान ,शिव पूजन अग्रहरि ,अजय अग्रहरि ,दिनेश मौर्या ,मोबीन ,रईस आदि लोग मौजूद रहे।

# छिवकी स्टेशन पर चला किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रेलवे की टीम ने प्रयागराज के छिवकी रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया। अभियान से बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्री इधर-उधर बचने का प्रयास करते रहे। दिन भर चले अभियान में टीम ने 397 ऐसे यात्री पकड़े गए जो बिना टिकट के ही यात्रा कर रहे थे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशिभूषण एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिमांशु शुक्ला के मार्ग निर्देशन में यह अभियान चलाया गया। इसमें 13 टिकट चेकिंग स्टाफ, 03 जीआरपी तथा 4 आरपीएफ स्टाफ के सहयोग से स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जांच के स्टेशन के बाहर न जा सके।

**2.67 लाख रुपये वसूला गया जुर्माना :** इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान 09 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। टिकट जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले 207 यात्री तथा अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 190 यात्रियों को पकड़ा गया। इनसे 2,67,070 रुपये बतौर जुमार्ना एवं किराया वसूल किया गया, साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने की बात कही गई दी गई।

**प्रतीक्षा सूची की ई-टिकट पर नहीं कर सकते यात्रा :** सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिनेश कुमार की ओर से अपील की गई है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। प्रतीक्षा सूची ई-टिकट पर यात्रा करने की अनुमति नहीं है। इसी प्रकार प्लेटफार्म टिकट भी यात्रा के लिए अनुमति नहीं है। अतः प्रतीक्षा सूची ई-टिकट अथवा प्लेटफॉर्म टिकट लेकर यात्रा न करें। स्टेशन प्लेटफॉर्म पर प्रवेश के लिए यात्रा टिकट या प्लेटफार्म टिकट होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यात्रा से पूर्व अपने सामान को बुक कराएं, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### बीएसए अपडेट करेंगे शिक्षकों का नया मोबाइल नंबर

**प्रयागराज।** परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में तैनात शिक्षकों के अंतर जनपदीय तबादले में नई समस्या खड़ी हो गई है। तबादले के लिए पोर्टल पर दर्ज शिक्षकों की जानकारी में उनका मोबाइल नंबर बदल जाने से उनको आवेदन के समय ओटीपी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में शिक्षकों के आवेदन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। इसको लेकर बीएसए को ऐसे शिक्षकों का मोबाइल नंबर पोर्टल पर अपडेट करने का निर्देश दिया गया है। रविवार को सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रताप सिंह बघेल की तरफ से सभी जिलों के बीएसए को निर्देश जारी कर दिया गया है। सचिव की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने की सूचना मिल रही है।

### प्रयागराज में पहली बार लीवर कैंसर की सफल सर्जरी

**एसआरएन के चिकित्सकों ने किया ऑपरेशन**

**प्रयागराज।** स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन) के कैंसर विभाग में लीवर कैंसर से पीड़ित मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया है। प्रयागराज में लीवर कैंसर की यह पहली सर्जरी है। सर्जरी के बाद मरीज एकदम स्वस्थ है। उसे अस्पताल से छुट्टी भी मिल गई है। एसआरएन अस्पताल में 26 मई को करछना निवासी 60 वर्षीय रामचंद्र पेट दर्द की समस्या लेकर आए थे। लीवर की जांच में पता चला कि उन्हें कैंसर है। इसके बाद उनका सिटी स्कैन, फेफड़े, यूरिन व ब्लड की जांच की गई।ऑनकोसर्जरी विभाग के चिकित्सकों ने 3 जून को मरीज की सर्जरी की। तकरीबन चार घंटे से अधिक चले ऑपरेशन के दौरान मरीज का आधा लीवर काटकर निकाला गया। ऑपरेशन के बाद मरीज की रिकवरी बेहतर रही और 9 जून को उसे अस्पताल से छुट्टी मिल गई। इस सफल सर्जरी में डॉक्टर राजुल अभिषेक, डॉ. आशीष पांडे, डॉ. प्रदीप सिंह व डॉ. शिवेंदु ओझा शामिल रहे। प्रयागराज में पहली बार लीवर कैंसर की सफल सर्जरी हुई है। मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ और अपने परिवार के साथ है। - **डॉ. आशीष पांडेय, सीनियर रेजिडेंट, ऑनकोसर्जरी विभाग, स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय।**

# ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत मचा कोहराम, शादी वाले घर में छाया मातम

**प्रयागराज।** भतीजी की बारात में शामिल होकर शिवराजपुर गांव घर वापस लौट रहा अधेड़ कुखुड़ी गांव के सामने ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। रेलवे ट्रैक मैन की सूचना पर दलबल के साथ पहुंचे भारतगंज चौकी प्रभारी ने मृतक की पहचान कराते हुए शव को पीएम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना घर पहुंचते ही शादी की खुशियां गम में बदल गईं।मांडा थाना क्षेत्र के शिवराज गांव निवासी बाबूलाल (55) पुत्र केदार शनिवार शाम साले की बेटी की शादी में शरीक होने के लिए चेहरा गांव गए हुए थे। बाबूलाल शादी कार्यक्रम को अधूरे में छोड़कर भोर रात घर लौटने के लिए तैयार हो गए। रिश्तेदारों ने उन्हें रोकना चाहा, लेकिन घर पर मौजूद गाय का दूध निकालने की बात कहते हुए बाबूलाल शिवराजपुर गांव के लिए निकल पड़े।रात करीब तीन बजे कुखुड़ी गांव स्थित डाउन रेल लाइन खंभा नंबर 767/ 02 के समीप दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग को पार करने लगे। इसी दौरान बाबूलाल ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। रेलवे ट्रैक मैन की सूचना पर भारतगंज चौकी प्रभारी दुर्गेश सिंह, आरक्षी काशीनाथ, गौरव, रोहन, जितेंद्र के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और मृतक की जेब से मिले मोबाइल नंबर के माध्यम से परिजनों को घटना की जानकारी दी।मौत की सूचना मिलते ही शादी की खुशियां गम में बदल गई और मृतक की पत्नी गुलाब कली, बेटा राजेश सहित तमाम लोग रोते बिलखते हुए घटना स्थल पर पहुंच गए। मृतक के तीन बेटे कप्तान, राजन, सूबेदार चित्रकूट शहर में रहकर मजूदरी करते है और मौत की सूचना पर घर के लिए निकल पड़े।

# युवक का रक्त रंजित शव मिलने पर परिजनों मे मचा कोहराम

## बहन के घर आम देकर साईकिल से जा रहा था वापस

अखंड भारत संदेश


घटना स्थल पर जुटी परिजनों व ग्रामीणों की भीड़।

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरियावां किल किलहा देव स्थान के पास सूनसान जगह पर शनिवार की भोर पहर शौच के लिए गये ग्रामीणो की नजर खून से लथपथ रक्त रंजित शव पर पड़ने से हड़कंप मच गया घटना स्थल पर भारी संख्या मे ग्रामीणो की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणो ने घटना की सूचना नवाबगंज पुलिस व मानिकपुर पुलिस को दी मामला हत्या का होने के कारण दोनो थाने की पुलिस आनन फानन मे घटना स्थल पर पहुंच गई और घटना की जानकारी सीओ कुंडा को दी जानकारी मिलते ही सीओ कुंडा अजीत सिंह मौके पर पहुँचे और घटना की बाबत ग्रामीणो से पूछताछ किया और शव की लिखा पढ़ी करके थाने ले गये जिसकी पहचान होरी लाल यादव पुत्र झूरी लाल यादव (38) वर्षीय निवासी हामिदपुर बड़ा गांव थाना ऊंचाहार के रूप मे हुई।

घटना के बारे मे बताया जाता है कि मृतक होरीलाल यादव शनिवार को साईकिल से अपने घर अल्पी का पुरवा हामिदपुर बड़ा गांव से अपनी बहन निशा देबी पत्नी राम करण यादव पुत्र मैकू यादव किसुनदासपुर थाना नवाबगंज निवासी के यहां शाम को लगभग 5 बजे आम देने के लिए पहुंचा जहा एक घंटे रुकने के बाद लगभग 6 बजे अपनी बहन से निमंत्रण जाने की बात कहकर साईकिल से निकल पड़ा जिसका शनिवार की भोर पहर थाना क्षेत्र के बरई का पुरवा गांव के आगे किलकिलहा देव स्थान के पास सुनसान जगह पर खून से रक्त रंजित शव मिला। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक होरीलाल की बहन निशा देबी अपने पति रामकरण व दोनो बच्चो को लेकर घटना स्थल पर पहुंच गई। भाई का शव देखते ही शव से लिपट कर दहाड़े मारकर रोने लगी और रह रहकर बेसुध हो जाती थी। मौत की जानकारी मिलते ही मृतक की पत्नी शिवकुमारी व परिजन लोग भी घटना स्थल पर पहुंच गये। शव को देखते ही चीख पुकार मच गई नवाबगंज उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने शव की लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया थाने परिसर मे मृतक की पत्नी शिवकुमारी का रो रोकर बुरा हाल था। मृतक के एक बेटा आदर्श उम्र 3 वर्ष व एक लड़की शिवानी उम्र 8 वर्ष है। मृतक की पत्नी शिवकुमारी ने बताया कि शनिवार की शाम को अपनी बहन के यहां आम देने के बाद् फोन से बात किया था कि निशा के यहां आम देकर वापस आ रहे है इसके बाद मोबाईल फोन बन्द बताने लगा। घटना को लेकर पुलिस जाँच पड़ताल मे तेजी से लगी हुई है। मृतक की पत्नी शिवकुमारी की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए जाँच मे जुटी हुई है। उधर घटना स्थल नवाबगंज होने पर मानिकपुर थाना प्रभारी मनीष कुमार पांडे वापस लौट गये। घटना की बाबत पूछे जाने पर नवाबगंज थाना उप प्रभारी एव निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक घर जाने के रास्ते के बजाय घटना स्थल किल किलहा कैसे पहुंच गया किसी के बुलाने पर गया होगा उसका फोन भी बन्द हो गया हर बिदुओ की जाँच की जा रही है।

# हथिगवां पुलिस ने आधा दर्जन स्ट्रीट लाइट चोरों को दबोचा

## 10 जून को हुई थी स्ट्रीट लाइट चोरी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले की हथिगवा पुलिस ने स्ट्रीट लाइट के आधा दर्जन शातिर चोरो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। मिली जानकारी के अनुसार हथिगवा पुलिस ने वादी रामधन पटेल पुत्र जयराम पटेल निवासी बेती हथिगवां की सूचना पर 10 जून 23 को स्ट्रीट लाइट चोरी के मामले में अज्ञात चोरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

जांच के दौरान रविवार की सुबह लगभग पांच बजे हथिगवा थाना प्रभारी संतोष सिंह अपने हमराही के साथ क्षेत्र मे भ्रमण व वाछित अभियुतो की धर पकड के दौरान ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के बन्द पड़े पेट्रोल पम्प के पास स्ट्रीट लाइट चोरी के 5 अभियुक्त व चोरी के माल खरीदने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए घटना का दो दिन के अंदर खुलासा कर दिया। पकड़े गये अभियुक्त विश्वनाथ नाई उर्फ. सुल्ली नाई पुत्र राम नरेश नाई बेती हथिगवा, अर्जुन सरोज उर्फ.बुड्ढे सरोज पुत्र जोखू सरोज पता उपरोक्त, रितिक सरोज पुत्र उर्फ. बिल्लू पुत्र लालचंद पता उपरोक्त, सुमित सरोज पुत्र लवकुश सरोज पता उपरोक्त, मुलायम सरोज उर्फ. अतुल सरोज पुत्र मोतीलाल सरोज पता उपरोक्त व चोरी का माल खरीदने वाले बैजनाथ सरोज पुत्र पुतानी लाल सरोज निवासी कुरावा बाग बेती हथिगवा निवासी प्रतापगढ़ को मुकदमा अपराध संख्या 101/23 धारा 379, 411 व 413 भादिव का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पकड़े गये अभियुक्तों की निशान देही पर पुलिस ने 14 स्ट्रीट लाइट जो कि सूर्या काम्पटन एचपीएल व हैवेल्स आदि कम्पनी का बरामद किया। पुलिस की ताबड़तोड़ कारवाई से क्षेत्र मे हड़कंप मचा है।

## आरोपी के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर पीडित को घर मे घुसकर मारने पीटने की घटना में केस दर्ज किया है। लालगंज के जमालपुर निवासी अनीस के पुत्र हदीश खान ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दस जून को शाम सवा छः बजे वह अपने दरवाजे पर मौजूद था। पुरानी रंजिश को लेकर गांव के वसीर खान के पुत्र अयास आये और गाली देने लगे। मना करने पर आरोपी ने उसे दौड़ा लिया। पीडित ने घर मे घुसकर जान बचाना चाहा तो आरोपी ने वहां भी पहुंचकर डण्डे से उसके गर्दन पर वार कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी गाली देते हुए चला गया।

# पांच हजार करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात देंगे सीएम

## सुरक्षा के लिये भारी पुलिस बल तैनात

अखंड भारत संदेश


बनवीरकाछ में मुख्यमंत्री की सभा के लिये तैयार होता पण्डाल।

**प्रतापगढ़।** लगभग पांच हजार करोड़ का आज 12 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी शिलान्यास करेंगे जिसमें कुसुमी फाटक पर फ्लाई ओवर का निर्माण, भुपियामऊ से गोडे. तक की फोर लेन सीसी सड़क है।

इसके अलावा मोहनगंज से चित्रकूट तक हाईवे फोनलेन का निर्माण, सई नदी पर एक नया पुल बेल्हा देवी मंरि के पास, गोडे. से सुखपालनगर बाई का छह किमी का विस्तारीकरण, चिलबिला से मुसाफिरखाना हाईवे फोर लेन निर्माण, लालगंज से रानीगंज वाया सगरा सुंदरपुर, पृथ्वीगंज नगर पंचायत से 52 किमी बाईपास निर्माण की आधारषिला रखी जाएगी। इस तरह आज दिन में 12 बजे से एक बजे तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी जिले में विकास योजनाओं की सौगात की आधारषिला रखेंगे।

आज दिन भर सुखपाल नगर के पास बनवीरकाछ में हेलीपैड तैयार किया जा रहा था। सीएचसी सुखपालनगर में भी साफ-सफाई की गई है। सुरक्षा के लिये भारी पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री की सभा के लिये बनवीरकाछ में एक भारी पण्डाल लगाया जा रहा है।

## बाजार में आगजनी से मचा हड़कम्प


आग बुझाने में जुटे लोग।

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुलिस चौकी के नजदीक कचरे में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से हडकंप मच गया। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला पुलिस चैकी के किनारे छोर पर बाजार के लोग कूडा करकट डम्प किया करते है। शनिवार की रात करीब बारह बजे अज्ञात कारणों से कूड़े मे आग फैल गयी। आग की लपटें देख चैकी पर मौजूद पुलिसकर्मी जग गये। वहीं बाजार में भी आगजनी को लेकर हडकंप मच गया। चैकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह व पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से आग बुझाने में घंटो मशक्कत की। इधर सूचना मिलने पर लालगंज से फायर बिग्रेड पहुंची तो आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। नेशनल हाइवे होने के कारण बाजार के छोर पर अचानक आगजनी से अफरातफरी का भी माहौल बन गया दिखा।

# रेलवे स्टेशन पर नशा मुक्त प्रर्दशनी का हुआ आयोजन

## नशे के दुष्परिणामों से कराया गया अवगत

अखंड भारत संदेश



नशा मुक्त प्रदर्शनी में मौजूद बीके भाई बहन व बच्चे।

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के रेलवे स्टेशन पर ब्रह्माकुमारीज के द्वारा नशा मुक्त प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बीके संजीवनी व अन्य बीके भाई बहनों ने यात्रियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। इस दौरान रेलवे स्टाफ सहित सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शनी का लाभ लिया। बच्चों के द्वारा नशा मुक्ति नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया।

ब्रह्माकुमारी द्वारा प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर नशा मुक्त अध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। रेलवे यात्रियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्टेशन रेलवे अधीक्षक शमीम अहमद तथा ब्रह्माकुमारी प्रतापगढ़ संचालिका बीके हेमा दीदी दीप प्रज्वलन और फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राजयोग के अभ्यास द्वारा जीवन में सकारात्मक का लाने का दिया गया। संदेश अध्यात्मिक ज्ञान से भी कराया गया अवगत। बीके संजीवनी व अन्य बीके भाई बहनों ने यात्रियों को कराया। नशे के दुष्परिणामों से अवगत रेलवे स्टाफ सहित सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शनी का लाभ लिया। बच्चों के द्वारा नशा मुक्ति नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया।

## पट्टी के दो मेधावियों को मुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित

**पट्टी, प्रतापगढ़।** यूपी बोर्ड हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट के मेधावियो को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री 14 जून को लोक भवन लखनऊ में सम्मानित करेंगे। प्रतापगढ़ जनपद के पट्टी तहसील के दो मेधावियों का नाम इसमें शामिल है, जिन्हें मुख्यमंत्री नकद धनराशि टेबलेट व प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित करेंगे। पट्टी तहसील क्षेत्र के सैफाबाद स्थित रामटहल संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय यदुनाथपुर सैफाबाद के विकास यादव को मुख्यमंत्री प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर एक लाख नकद, टेबलेट प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित करेंगे। वहीं पट्टी क्षेत्र के बीबीएस इंटर कॉलेज बींद मुजाही इंटरमीडिएट की छात्रा प्रिंसू यादव को भी आगामी 14 जून को लोक भवन में लखनऊ में सम्मानित किया जाएगा। मेधावियों के अभिभावकों के लिखित सहमति पत्र 12 जून को कार्यालय लखनऊ को उपलब्ध कराया जाना है।

# ग्राम प्रवास के तहत सांसद ने निकाली प्रभात फेरी

## जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को किया गया जागरुक

अखंड भारत संदेश


हसनपुर में निकली प्रभात फेरी में शामिल सांसद संगम लाल गुप्ता।

**प्रतापगढ़।** सांसद संगम लाल गुप्ता ने अपने 31 दिवसीय सांसद ग्राम प्रवास के दौरान विधानसभा विश्वनाथगंज के हसनपुर, रावतपुर गांव में प्रवास के दौरान प्रातः प्रभात फेरी निकालकर जनजागरण अभियान चलाया।

उन्होंने अपने जन जागरण अभियान में पर्यावरण प्रदूषण, स्वच्छता एवं शिक्षा पर आधारित गगनभेदी नारों के साथ भारी संख्या में ग्रामीणों को अपने साथ लेकर लोगों में जन जागरूकता फैलाने का काम किया। सांसद ने इस अवसर पर आयोजित योगाभ्यास शिविर में कहा कि आज पर प्रायः गांव में लोग देर से सोकर उठने लगे और उसका कारण है कि सूर्योदय के बाद उठने के कारण तमाम सारी बीमारियां लोगों में घर करती चली जा रही है । आज आवश्यकता इस बात की है कि लोग प्रातः उठकर व्यायाम और योग करें जिससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहें और कोई भी कार्य स्वस्थ मस्तिष्क से करने पर उसका परिणाम भी स्वस्थ मिलता है। सांसद ने कहा कि हमारे भारतीय संस्कृति मे प्रातः जल्दी उठने को ब्रह्म बेला की संज्ञा दी गई थी और यह बचपन में हम लोगों को बताया जाता था कि जो सुबह जल्दी उठकर स्नान ध्यान कर उस समय शैक्षणिक कार्य करेगा वह निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेगा किंतु आज देर तक जागने और देर तक सोने की जो प्रथा चल पड़ी है वह युवाओं में कुंठा की भावना को बढ़ावा दे रही है। सांसद ने इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय में रात्रि प्रवास कर वहां स्काउट गाइड के बच्चों, स्कूल चलो अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय के बच्चों तथा उनके अभिभावकों व इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण छात्र छात्राओं के साथ संवाद उनके शैक्षणिक क्रियाकलापों की जानकारी लेते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करने का कार्य किया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय हसनपुर रावतपुर में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने पहुंचकर चिकित्सा परीक्षण कराते हुए दवायें भी प्राप्त की। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं, साधन सहकारी समितियों के सचिवों व विभिन्न अलग-अलग समूहों से सांसद द्वारा विस्तार से वार्ता कर उनकी जन समस्याओं का भी निस्तारण करने का प्रयास किया गया। उन्होंने ग्राम हसनपुर रावतपुर में हर घर जल नल योजना की समीक्षा कर तत्काल उसे भौतिक रूप से परिणित कर प्रत्येक घर को पानी टोटी से पहुंचाने जाने का निर्देश भी दिया। प्रवास के दौरान खण्ड विकास अधिकारी अरुण कुमार, खण्ड शिक्षाधिकारी लक्ष्मणपुर शशांक मिश्र, ओमप्रकाश पाण्डेय गुड्डू, विवेक उपाध्याय, अभिषेक पाण्डेय, महेंद्र मिश्र, प्रशांत श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान शकुंतला देवी, रोहित वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने संस्कृत विद्वान डॉ. शक्तिधर नाथ की कृतियों को सराहा, खुशी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के विद्या मंदिर मार्ग निवासी संस्कृत विद्वान आचार्य डा. शक्तिधरनाथ पाण्डेय की कृतियों को प्रदेश की राज्यपाल से सराहना मिलने पर यहां प्रबुद्ध वर्ग में प्रसन्नता देखी गयी। अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य डा. शक्तिधरनाथ पाण्डेय की संस्कृत एवं संस्कृति के उन्नयन को लेकर कई काव्य रचनाएं साहित्य परिवेश को बहुमूल्य योगदान दिये हुए है। प्रदेश की राज्यपाल डा. आनंन्दी बेन पटेल से राजभवन में आचार्य शक्तिधरनाथ ने शिष्टाचार भेंट के तहत स्वरचित पुस्तकें उन्हें समर्पित की। पुस्तकों का संदर्भ देख राज्यपाल ने डा. शक्तिधर नाथ के लेखन व चिंतन को सराहा। राज्यपाल से संस्कृत विद्वान की मुलाकात के समय उनके सुपुत्र महर्षि पाण्डेय भी मौजूद रहे। रविवार को यहां प्रबुद्धजनों मे राज्यपाल द्वारा डा. शक्तिधरनाथ की पुस्तकों को मिली सराहना को लेकर प्रसन्नता देखी गयी। डा. डीपी ओझा, डा. शिवमूर्ति शास्त्री, विशालमूर्ति मिश्र, डा. राजकुमार पाण्डेय, भगवताचार्य विनय शुक्ल, प्रकाशचंद्र मिश्र, केशवराम ओझा, अनिल त्रिपाठी महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पं. रामफेर पाण्डेय आदि ने साहित्यिक क्षेत्र में जिले की मेधा की हौंसला आफजाई को लेकर इसे गौरवशाली उपलब्धि कहा है।

# नशे मे टल्ली पति ने पत्नी को किया लहूलुहान, हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शराब की नशे मे टल्ली होकर पति ने हैवानियत की हद पार कर दी। अपनी ही पत्नी को फावडे तथा चाकू व लोहे की राड से हमला कर मरणासन्न कर दिया। पुलिस ने घटना मे आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

लालगंज कोतवाली के पूरे सेवकराय गांव में स्व. रामपियारे का पुत्र हरीलाल सरोज शनिवार की शाम सात बजे शराब पीकर घर पहुंचा। उस समय उसकी पत्नी श्रीमती खाना बना रही थी। नशे मे टल्ली हरीलाल ने अचानक पत्नी की पिटाई शुरू कर दी। हरीलाल ने पत्नी के ऊपर चाकू तथा फावडे से भी कई जगह हमला कर चुटहिल कर दिया। आरोप है कि उसने लोहे की राड से जब पत्नी पर हमला किया तो उसका पैर टूट गया और वह गंभीर चोट के कारण बेहोश हो गयी। शोरशराबा होने पर आरोपी पति पत्नी को जानलेवा धमकी देते चला गया। गांव के प्रधान लालजी पटेल ने घटना की सूचना घायल महिला की मां को फोन पर दी। जानकारी मिलने पर मां रोते बिलखते यहां पहुंची। पीड़िता रायबरेली जिले के छेदी का पुरवा रघ्घूपुर थाना सलोन निवासी संतलाल सरोज की पत्नी रेनू ने घटना के बाबत हरीलाल के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौपी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी हरीलाल के खिलाफ हत्या के प्रयास, धारदार हथियार से जानलेवा हमला, धमकी तथा गालीगलौज समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। इधर घायल महिला का स्थानीय ट्रामा सेण्टर मे इलाज जारी है।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में डीएम ने अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

## जिलाधिकारी ने बैठक कर अधिकारियों को दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश


अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं कैबिनेट मंत्री सड़क परिवहन नितिन गडकरी के जनपद प्रतापगढ़ के कार्यक्रम 12 जून 2023 के दृष्टिगत बनवीरकांछ में सुरक्षा व्यवस्था एवं परिशांति परिपालित कराये जाने के उद्देश्य से कार्यक्रम स्थल पर ड्यूटी में लगाये गये अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने कैम्प कार्यालय के सभागार में बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने हेलीपैड स्थल, फ्लीट, रूट एवं यातायात व्यवस्था, सेफ हाउस एवं सुखपाल नगर चिकित्सालय, पार्किंग स्थल, मंच व मंच प्रवेश हेतु लगे चेक प्वाइंट पर, मंच के दाहिनी ओर दर्शक दीर्घा, मंच के बायी ओर दर्शक दीर्घा, वीआईपी/पत्रकार दीर्घा व विभिन्न वीआईपी को रिसीव एवं सी-आफ करने व अन्य व्यवस्थाओं हेतु लगाये अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारीगण पूर्वान्ह 9 बजे से अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर पहुँच जायें और जिनको जो भी कार्य एवं दायित्व दिये गये है उसका अक्षरशः अनुपालन करें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त मात्रा में पेयजल की व्यवस्था रहें इसका विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि कार्यक्रम स्थल पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न उत्पन्न होने पाये इसका विशेष ध्यान रखा जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## तपती दोपहर में बिजली की भीषण कटौती से उपभोक्ता परेशान

**परियावां, प्रतापगढ़।** इन दिनों भीषण गर्मी व लू के थपेड़ो के चलते लोग पसीने से तर हो रहे हैं। भीषण गर्मी व तपन के चलते पावर हॉउस कालाकांकर से आलापुर, बाजिदपुर व कालाकांकर को दिन मे मिलने वाली बिजली मे दोपहर मे भीषण कटौती की जा रही है जिससे लोग हलाकान हो रहे हैं। सुबह आठ बजे बिजली चली जाती है जो दो घंटे की कटौती होने पर 10 बजे आ जाती है, जो फिर साढ़े बारह बजे चली जाती है जो साढ़े तीन से चार बजे आती है शाम को फिर रह रहकर आती और चली जाती है। बिजली के आने जाने का कोई समय सीमा निर्धारित नही है। बिजली विभाग के इस रवैया के चलते उपभोक्ता परेशान हो रहे है और दोपहर में हो रही लगातार 3-4 घंटे की भीषण कटौती को बन्द करने के लिए जिलाधिकारी व अधिशाषी अभियंता का ध्यान इस ओर आक्रस्ट कराया है ताकि उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी के प्रकोप से राहत मिल सके।

## खबर संक्षेप

### अंक/प्रमाण-पत्र में त्रुटि संशोधन के लिए 13 जून को दुर्गा देवी इं.कालेज में कैम्प का आयोजन

**कौशाम्बी।** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 एस.एन. यादव ने अवगत कराया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के अंकपत्र/प्रमाण-पत्र में त्रुटि से संबंधित संशोधन के लिए श्री दुर्गा देवी इण्टर कॉलेज ओसा, मंझनपुर में दिनांक 13 जून 2023 को कैम्प का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें इच्छुक परीक्षार्थी वांछित प्रपत्र/अभिलेखों सहित निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर अंकपत्र/प्रमाण-पत्र में नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि आदि त्रुटियों में संशोधन के लिए आपत्ति दर्ज निस्तारण करा सकतें हैं।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त पारस पुत्र बच्चा केवट निवासी घोधपुरवा थाना महेवाघाट को यमुना ब्रिज से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

## परिजनो ने लगाया दहेज के लिए हत्या करने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

अखंड भारत संदेश



संदिग्ध मौत के बाद लगी घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़

**अझुवा कौशाम्बी।** जिले में संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया,महिला की मौत की सूचना पर पहुंचे मायके वाले परिजनो ने ससुराल पक्ष के लोगो पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है और पुलिस को इसकी लिखित तहरीर दी है,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। घटना सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा कस्बे की है जहा महिला का कमरे के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है,शव मिलने की सूचना मायके वालों को हुई तो उन्होंने वहा पहुंचकर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी प्रकार मामला शांत कराया और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा कस्बे के शिवबाबू के साथ संदीपन घाट थाना क्षेत्र के नरवर पट्टी की रहने वाली कांति देवी की शादी मार्च 2021 में धूमधाम से हुई थी,मृतका कांति देवी की मां ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उन्होंने शादी के दौरान हैसियत के हिसाब से दहेज दिया था,लेकिन लगातार शिवबाबू के परिजन 5 लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे और आए दिन प्रताड़ित करते थे।दहेज नही दे पाने की स्थिति में उन्होंने मेरी बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका की मां ने बेटी के पति शिवबाबू, ससुर शिवचंद्र, जेठ शिव पूजन, शिवरतन, जेठानी, सास और ननद पर दहेज नही देने पर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं इस मामले में सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने बताया कि कमरे के अंदर महिला का शव मिला है,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है,तहरीर के आधार पर एवम पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच कर कार्यवाइ की जायेगी।

### गांजा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त उमेश उर्फ छोटू रैदास पुत्र बच्ची लाल निवासी पुरखास थाना सराय अकिल को उसमानपुर तलरी पुलिया के पास से 700 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### शराब के साथ दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अनी प्रसाद पुत्र बोधा निषाद निवासी घोघपुर थाना महेवाघाट को 12 लीटर अवैध कच्ची शराब व महादेव पुत्र रामभवन निवऐसी घोघपुर थाना महेवाघाट को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब मय शराब बनाने वाले उपकरण के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पक्षात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

## न्यूज झरोखा

### टेंट गोदाम में लगी भीषण आग,ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से आग पर पाया काबू



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के ग्राम सभा टाण्डा निवासी रवेंद्र मौर्य पुत्र धनराज मौर्य टाण्डा भैरायें मार्ग पर भैरायें मोड़ पर स्थित शारदा प्रसाद साहू के मकान में अपना टेंट कारोबार करते हैं, बीती रात अज्ञात कारणों से टेंट गोदाम में आग लग गयी पड़ोसियों की सूचना पर आज रविवार भोर 5 बजे रवेंद्र भागकर पहुंचे तो अंदर से विकराल धुंआ निकल रहा था आग की सूचना से तमाम ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए अगल बगल लगे समरसेबल आदि से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया जा सका है तब तक लाखो का टेंट का सामान जलकर खाक हुआ है रवेंद्र के मुताबिक लगभग 3 लाख का टेंट सामान जल गया है।

### हत्या का प्रयास करने वाले चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा चार वांछित अभियुक्तों मो0 वैश मो0 कुरैश पुत्र गण मुस्तफा सलमा बानो पत्नी मुस्तफा व हुस्ना बानों पत्नी मुर्तजा निवासीगण मकनपुर असरावल कला थाना पिपरी को मकनपुर मस्जिद के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है

### नगर पालिका भरवारी अध्यक्ष कविता पासी ने चमरूपुर पीएचसी में आयोजित आरोग्य मेला का किया उद्घाटन, किया पौधरोपण



**कौशाम्बी।** जिले की नगर पालिका परिषद भरवारी की अध्यक्षा कविता पासी ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चमरूपुर में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वस्थ्य मेला का फीता काट कर उद्घाटन किया ।अध्यक्षा ने पीयचसी की स्वच्छता व्यवस्था और मरीजों को मिलने वाली सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।इसके बाद अध्यक्षा ने पौधारोपण किया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर औचित्य सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी चमरूपुर डॉक्टर सुधीर कुमार वर्मा , फार्मासिस्ट राजेंद्र सिंह, स्टाफ नर्स प्रमोदिनी देवी, साधना मिश्रा,लल्लू प्रसाद, लवकुश पासी एवं कई लोग मौजूद रहे।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे छः अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना कौशाम्बी से एक थाना मोहब्बतपुर पइसा से दो थाना कड़ाधाम से तीन कुल छः अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 175 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा तीन वाहनों से 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# जमीन की नाप कराने आए युवक की हत्या के 5 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश




हत्यारे अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में दो दिन पहले जमीन की नाप कराने आए युवक की गांव के लोगो ने लाठी डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी थी,युवक की हत्या से गांव में सनसनी मच गई थी,हत्या करने के बाद आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए थे,एसपी के आदेश एवम एएसपी,सीओ के निर्देश पर कोखराज थाना प्रभारी ने हत्या में शामिल सभी 5 लोगो को गिरफ्तार कर लिया है,पुलिस ने आरोपियों के पास से आला कत्ल भी बरामद कर लिया है,पुलिस ने सभी को लिखापढ़ी कर जेल भेज दिया। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के नौढिया आमद करारी की है जहा दो दिन पूर्व जमीन की नाप कराने के लिए सैनी कोतवाली क्षेत्र के मुन्ना लाल आए हुए थे,जमीन की नाप के लिए लेखपाल को आना था,लेकिन जब तक लेखपाल पहुंचती तब तक दोनो पक्ष आपस में ही भिड़ गए और लाठी डंडे और कुल्हाड़ी से मारपीट होने लगी,लड़ाई के दौरान मुन्ना लाल को सर पर कुल्हाड़ी लग गई जिससे मुन्ना लाला की मौत हो गई,घटना के बाद सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव,सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा कोखराज थाना पुलिस के साथ पहुंचे और घटना की जांच की।एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के आदेश एवम एएसपी समर बहादुर सिंह,सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा के निर्देशन में कोखराज थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने घटना में शामिल रूप चंद्र,राम चंद्र,संजय,इंद्र राज और बृज राज को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने सभी आरोपियों को लिखापढ़ी कर न्यायालय पेश किया जहा से सभी को जेल भेज दिया गया।



शिकायत करती बुजुर्ग

## कौशाम्बी में कलयुगी बेटे से परेशान बुजुर्ग महिला ने एसडीएम से की शिकायत

**अझुवा कौशाम्बी।** जिले के सैनी कोतवाली में एक कलयुगी बेटे ने बुजुर्ग माँ के आने जाने के रास्ते को बंद कर दिया,रास्ता बंद हो जाने से बुजुर्ग महिला परेशान हो गई,रास्ते के विवाद को लेकर एसडीएम से बुजुर्ग ने शिकायती पत्र देकर मदद मांगी,एसडीएम नने अझुवा पुलिस चौकी प्रभारी को दोनो पक्ष को बैठकर समझौता कराने का निर्देश दिया है। मामला सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार गांव का है जहा की रहने वाली बुजुर्ग महिला कमला देवी ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसका बड़ा बेटा सुरेश पाल जबरन गुंडई के चलते रास्ते में लकड़ियां रखकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया ,रास्ता बंद हो जाने से उसे आने जाने में समस्या हो रही है,शिकायत करने पर गाली गलौच करता और लड़ाई झगड़ा पर आमादा रहता है।एसडीएम ने अझुवा पुलिस चौकी प्रभारी को दोनो पक्ष को बैठाकर समझौता कराने का निर्देश दिया है।



## लाखो खर्च, फिर भी राहगीर नही प्रयोग कर पा रहे भरवारी का यह मूत्रालय

**भरवारी कौशाम्बी।** जिले की नगर पालिका परिषद भरवारी में रेलवे क्रासिंग के पास लाखो रुपए खर्च कर बनाए गए मूत्रालय का प्रयोग राहगीर नही कर पा रहे है।कर्मचारियों की लापरवाही और अधिकारियों की अनदेखी के चलते इस मूत्रालय की साफ सफाई नही की जाती है ,वही इसमें पानी की व्यवस्था तो की गई लेकिन वह नल से निकलता ही नही है,जिसके चलते मूत्रालय जाने वाले लोगो को बदबू और गंदगी से जूझना पड़ता है। नगर पालिका परिषद भरवारी में रेलवे क्रासिंग के पास एक मूत्रालय पिछले कुछ महीने पहले लाखो रुपए खर्च कर नगर पालिका ने ठेकेदार लाध्यम से बनवाया था, जब से यह मूत्रालय बनाया गया है इसकी साफ सफाई और पानी की व्यवस्था अच्छी नहीं होने से राहगीर इसका प्रयोग नहीं कर पा रहे है।मूत्रालय में गंदगी और पानी नहीं आने से लोगो को इसका प्रयोग करने में समस्या होती है।वही रेलवे लाइन की तरफ लोगो को मजबूरी में जाना पड़ता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

# डी एम साहब बस अड्डा बनने से क्या फायदा जब भरवारी कस्बा होकर जाती ही नही बस!

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशांबी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने नगर पालिका भरवारी वासियों को कितना बढ़िया लाली पॉप देने का कार्य किया है जिसे आप भी जानकर दंग रह जाएंगे। तमाम प्रदेशों को जनता की सुविधा के लिए इंटर नेशनल बस डिपो बस अड्डा का निर्माण

नगर पालिका परिषद अंतर्गत परसरा चौराहा पर कराया जाए रहा है जो आगामी कुछ दिनों के बाद बनकर शुरू भी हो जायगा 'जहा पर तमाम प्रदेशों को जाने वाली बस इसी इंटर नेशनल बस डिपो से जाएगी '। अब सवाल उठता है की भरवारी डिपो से बस तो चलेगी परंतु कस्बा भरवरी वासियों के लिए यह सुविधा उपलब्ध नहीं होगी 'पूछिए क्यों मैं बताता हूं जबसे रोही बायपास बन गया है तब से सरकारी बसों का आना जाना बंद हो चुका या यह भी कह सकते है कि बस चालक कस्बा भरवारी होकर जाने में अपनी शान के खिलाफ या अपने आपको असुरक्षित समझते हैं 'जब इनकी शिकायत सड़क परिवहन के क्षेत्रीय प्रबन्धक से की जाती है तब चालक अपने अधिकारियों को बताता है की कस्बा भरवारी में बहुत जाम रहता है और समय भी बर्बाद होता है 'जबकि इस से पहले जब रोही बायपास नही बना था तब वही कस्बा भरवारी से ओवर लोड सवारी भरकर रोड वेज की बस प्रतिदिन जाया करतीं थीं तब क्या उस वक्त भरवारी कस्बा नही था 'मैं बताता हु इसके पीछे का रहस्य रोडवेज के चालकों ने प्राइवेट बस चालकों से सीटिंग कर रखी है बदले मे मोटी रकम लेकर बायपास होकर निकल जाना वही प्राइवेट बस वाले ठूस ठूस कर सवारी लेकर जाते है रोड वेज वाले खाली बस ले जाकर किलोमीटर पूरा करने में मशगूल रहते है साथ ही अपने उच्च अधिकारियों को भी गुमराह करते है ऐसे चालक के ऊपर एवम घृत राष्ट्र बने अधिकारियों के उपर मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ का हैंटर कब चलेगा 'इस से हज्जारो रुपए की आमदनी की जगह राजस्व की हानि होता नजर आ रही है ' कहने का मतलब ये है इंटर नेशनल बस डिपो बनने से क्या फायदा जब कस्बा भरवारी वासियों को इसका लाभ न मिल सके सभी सरकारी बस चालक रोही बायपास लगभग तीन किलोमीटर सवारी को उतारकर भाग जाती है '। इस से कस्बायो में रोष व्याप्त है।

### विकास कार्यो में हिस्सा ना देकर उपेक्षित करने का महिला मेठो ने लगाया आरोप

**कौशाम्बी।** नेवादा विकास खण्ड की महिला मेठो ने शासन द्वारा निर्गत किए गए विकास कार्यों को कराने के लिए हिस्सा ना दिए जाने से आक्रोशित होकर विकासखंड के ग्राम प्रधानों तथा रोजगार सेवकों पर नाराजगी जताई है नेवादा विकासखंड की महिला मेठो ने। बीडीओ नेवादा को शिकायती पत्र देते हुए अपने साथ हो रहे अन्याय को पत्र के माध्यम से बताया। शिकायती पत्र में महिला मेठो ने बताया कि विकासखंड के समस्त गांव के ग्राम प्रधानों तथा रोजगार सेवकों द्वारा शासन द्वारा निर्गत कराए गए विकास कार्यों से हम मेठो को उपेक्षित किया जा रहा है। शासन द्वारा निर्धारित की गई मेठो की हिस्सेदारी से दूर किया जा रहा है। ग्राम प्रधान तथा रोजगार सेवकों द्वारा हमसे मजदूरों जैसा व्यवहार किया जा रहा है शासन द्वारा निर्धारित मानदेय हम महिला मेंठो को नहीं दिया जा रहा है नेवदा विकासखंड की दर्जनों गांव की मेठ महिलाओं ने एकजुट होते हुए ग्राम प्रधानों तथा रोजगार सेवकों को मनमाने तरीके पर रोक लगाने की बात कही। इस अवसर पर अनुराधा, मखनपुर, नीता, खपरा खनदेवरा दिव्या दिवाकर, आलमपुर, रंगीता सिंह, हसनपुर, आरती, बैरागीपुर, नेहा, गोविंदपुर, अनीता, बसुहार, तनवीर फातमा, खोपा आदि मेठ महिलाएं मौजूद रहीं।

# चरवा थानेदार को नहीं मिल सका कर्मकांडी धार्मिक विद्वान पुजारी

**पीड़ित मजलूम कमजोर लोगों को मदद का भरोसा दिला कर उनसे भी पुलिस के नाम पर रकम एठने के काम में पुजारी को महारत हासिल है**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना परिसर में बनी मंदिर की पूजा पाठ के लिए चरवा थानेदार को ईमानदार कर्मकांडी एक धार्मिक विद्वान पुजारी नहीं मिल सका है क्षेत्र के अपराधी टाइप के मुकदमे से वांछित व्यक्ति को उन्होंने फिर चरवा थाना परिसर के मंदिर की पूजा पाठ करने की जिम्मेदारी सौंप दी है जिस व्यक्ति को स्वयं अपराध पर अधिक भरोसा होगा ईश्वर की सत्ता और कर्मकांड पर उसे भरोसा नहीं होगा उसे थाना परिसर में बने मंदिर में पूजा पाठ की अनुमति थानेदार ने दे दिया है आखिर दागी व्यक्तियों से चरवा थानेदार के क्या रिश्ते हैं इसके पीछे इनकी क्या मंशा है। बताया जाता है कि चरवा थाना परिसर में बने मंदिर में पूजा पाठ के आड़ में यह पुजारी जहां अपराधियों को शरण देकर उनसे धन वसूली करता है वही थाना पहुंचने वाले पीड़ित मजलूम कमजोर लोगों को मदद का भरोसा दिला कर उनसे भी पुलिस के नाम पर रकम एठने के काम में इस पुजारी को महारत हासिल है पूर्व में इस पुजारी के कारनामों को संज्ञान लेकर पुलिस अधिकारियों ने थाना परिसर में बने मंदिर में आरोपी पुजारी के पूजा पाठ करने पर रोक लगा दी थी लेकिन पूर्व अधिकारियों के आदेशों को नजरअंदाज कर चरवा थानेदार ने अपराधी प्रवित्ति के व्यक्ति को फिर मंदिर परिसर में पूजा पाठ करने की अनुमति दे दी है थानेदार के इस कारनामे की चारों ओर निंदा हो रही है इलाके के लोगों ने अपर पुलिस महानिदेशक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए थाना परिसर के मंदिर में अपराधी से पूजा-पाठ कराए जाने के चरवा थानेदार के निर्देश पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

# सूखी नहरों में जल्द छोड़ा जाए टेल तक पानी : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं।जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने गुरुवार को सिराथू तहसील की सूखी पड़ी करारी माइनर एवं रामगंगा नहर का मौके पर पहुंचकर हाल जाना। मौके पर से ही विभाग के अधिकारियों से तत्काल सिंचाई के लिए सूखी नहरों में टेल तक पानी छोड़े जाने की मांग की। गुरुवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी सिराथू तहसील की प्रमुख नहरें करारी माइनर एवं रामगंगा नहरों का स्थलीय मुआयना किया। मौके पर दोनो नहरें सुखी मिली। आसपास के ग्रामीणों से अजय सोनी ने सूखी नहरों में पानी न आने को लेकर चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले करीब एक पखवारे से अधिक समय से नहरों में पानी नही आ रहा है जिसके चलते अब तक धान की बेहन या तो की नहीं जा सकी या फिर सूख रही है। सूखी पड़ी नहरों में पानी आने को लेकर अजय सोनी ने मौके पर से ही विभागीय अधिकारियों से फोन पर वार्ता की। रामगंगा नहर के अवर अभियंता महेंद्र यादव एवं करारी माइनर के अवर अभियंता जयकिशन साहू से फोन पर वार्ता करते हुए अजय सोनी ने दोनो अधिकारियों से तत्काल दोनो नहरों में टेल तक जलापूर्ति करने की मांग की। जिसपर दोनो अधिकारियों ने जल्द ही नहरों में पानी छोड़े जाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर राजा दुबे, ब्रजेश यादव, राम बहोरी लोधी, अनिल सिंह, संतोष मौर्य, बचान सिंह, देशराज गौतम, पन्ना लाल सरोज आदि मौजूद रहे।

## राजकीय आईटीआई मंझनपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 13 जून को

**कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौषल विकास मिषन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 13 जून 2023 को राजकीय आई0टी0आई0, मंझनपुर के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेंगी। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने देते हुए बताया कि सिक्योरिटी क्षेत्र में रूचि रखने वाले बेरोजगार अभ्यर्थियों को एस0आई0एस0 सिक्योरिटी, सिंगरौली, म0प्र0 के माध्यम से चयन किया जायेंगा। सिक्योरिटी भर्ती निम्न मानकों के अनुसार की जायेंगी। न्यूनतम आयु 21 से 37 वर्ष, लम्बाई 167 सेमी0 तथा वजन 56 किग्रा0, न्यूनतम् शैक्षिक योग्यता क्रमशः दसवीं पास या दसवीं फेल तथा सुरक्षा गार्ड/सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए (शैक्षिक योग्यता 12वीं पास, लम्बाई 170 सेंमी0) एवं जी0टी0ओ आफीसर (शैक्षिक योग्यता स्नातक) अनिवार्य हैं। चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण उपरान्त प्रति माह वेतन रू0 12500 से रू0 18500 दिया जायेंगा। पूर्व में आई0टी0आई0उत्तीर्ण अभ्यर्थी रोजगार मेले में अपने समस्त मूल शैक्षिक अभिलेखों के साथ उपस्थित हों, ताकि उनका पंजीयन रोजगार मेला परिसर में कैम्प लगाकर सेवा मित्र के रूप में किया जा सकें, जिससे उनको सेवा प्रदाता के माध्यम से रोजगार प्राप्त हो सके।

### अवैध रूप से संचालित आरा मशीन पर मेहरबान अधिकारी

**कौशांबी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के इसी के पुरवा के पास में और देवीगंज के भोला चौराहे के पास 2 अवैध आरा मशीन का संचालन बीते कई दशक से अवैध तरीके से हो रहा है बिना ट्रांजिट परमिट के आरा मशीन में हरी लकड़ियों का डंप कराया जा रहा है लकड़ियां कहां से आ रही हैं आरा मशीन संचालक बताने का प्रयास नहीं कर पा रहे हैं अवैध आरा मशीन के संचालन के चलते इलाके में हरे पेड़ों की कटान तेजी से हो रही है लेकिन विभागीय अधिकारी से लेकर थाना पुलिस तक अवैध आरा मशीन के संचालन पर रोक लगाने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहा है जिससे हरियाली को गहरा संकट उत्पन्न है।

# लाखों खर्च के बाद भी पानी के लिए व्याकुल नगर पंचायत की जनता

अखंड भारत संदेश

**बोरिंग करने के बाद नगर पंचायत दारा नगर कड़ा फ्रीजर वाटर कूलर लगाने के लिए भूल गया**




**कौशाम्बी।** कड़ा धाम क्षेत्र में तीर्थ यात्रियों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाटर कूलर लगवाने के लिए नगर पंचायत ने वर्षों पूर्व योजना बनाई थी वाटर कूलर फ्रीजर लगाने के नाम पर बोरिंग में लाखों रुपए की रकम नगर पंचायत ने खर्च कर दी है लेकिन बोरिंग करने के बाद नगर पंचायत फ्रीजर वाटर कूलर लगाने के लिए भूल गया है जिससे भीषण गर्मी में तीर्थयात्रियों को बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है सिराथू तहसील के नगर पंचायत दारानगर कड़ा के कालेश्वर घाट में नगर पंचायत के द्वारा तीर्थ यात्रियों को सुविधा देने हेतु लाखो की लागत से नलकूप की बोरिंग तो करवा दी गई कई महीने पूर्व बोरिंग कराने के बाद वाटर कूलर फ्रीजर लगाने की योजना ठंडे बस्ते में चली गई है तीर्थ यात्रियों के लिए फ्रीजर लगवा कर ठंडा पानी की व्यवस्था अभी तक नगर पंचायत के जिम्मेदार नहीं कर सके हैं जिससे भीषण गर्मी में तीर्थयात्री पानी के लिए व्याकुल हो रहे हैं लेकिन उसके बाद भी नगर पंचायत के जिम्मेदार पानी की व्यवस्था के प्रति गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहे हैं कड़ा धाम क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जल्द ही फ्रीजर चालू कराने की मांग की है।

संपादकीय

# जल संरक्षण आज की नितांत आवश्यकता !

सुनील कुमार महला

**छोटी क**क्षाओं से ही हम सभी यह पढ़ते आए हैं कि 'जल ही जीवन है।' और 'जल है तो कल है, लेकिन विडंबना की बात यह है कि बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह बात कदापि नहीं भूलनी चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। यह ठीक है कि पृथ्वी पर जल की काफी मात्रा उपलब्ध है लेकिन जल बावजूद इसके एक सीमित संसाधन है। हम सभी यह जानते हैं कि जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। पृथ्वी पर उपलब्ध एक बहुमुल्य संसाधन है जल, या यूं कहें कि यही सभी सजीवों के जीने का आधार है जल। वास्तव में जल ही जीवन है, जीवन का आधार भी यही है । जल के बिना जीवन की कल्पना तक संभव नहीं है । जल स्वयं में औषधि (दवाई) है, यह जल ही शरीर के दूषित (हानिकारक) तत्वों को मूत्र के माध्यम से निष्कासित करता हैं ।हमने यह पढ़ है कि धरती का लगभग तीन चौथाई भाग जल से घिरा हुआ है, किन्तु इसमें से 97% पानी खारा है जो पीने योग्य नहीं है, पीने योग्य पानी की मात्रा सिर्फ 3% है। इसमें भी 2% पानी ग्लेशियर एवं बर्फ के रूप में है। इस प्रकार सही मायने में मात्र 1% पानी ही मानव के उपयोग हेतु उपलब्ध है। दूसरे शब्दों में कहें तो धरती पर पानी की कुल मात्रा लगभग 13,100 लाख क्यूबिक किलोमीटर है। इस पानी की लगभग 97 प्रतिशत मात्रा समुद्र में, खारे पानी के रूप में और लगभग तीन प्रतिशत मात्रा अर्थात 390 लाख क्यूबिक किलोमीटर साफ या स्वच्छ पानी के रूप में धरती पर अनेक रूपों में मौजूद है ।हमारी जल के प्रति एक आम सोच यह है कि जल पृथ्वी से कभी भी खत्म नहीं हो सकता है लेकिन हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि बढ़ती आबादी के बीच यदि हमने जल का संरक्षण समय रहते नहीं किया तो जल के लिए मानवजाति को बहुत बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। गलत नहीं कहा गया है कि तीसरा विश्व युद्ध होगा तो जल के लिए ही होगा। वास्तव में आज बढ़ती आबादी के बीच, तेजी से हो रहे नगरीकरण और औद्योगिकीरण की तीव्र गति ,बढ़ते प्रदूषण के साथ प्रत्येक व्यक्ति के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक बहुत ही बड़ी चुनौती हो गया है। जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है देश के कई हिस्सों में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। प्रतिवर्ष यह समस्या पहले के मुकाबले और बढ़ती जाती है ।विश्व आर्थिक मंच का यह मानना है कि आगामी वर्षों में जल संकट की समस्या और अधिक विकराल हो जाएगी। वास्तव में, सच तो यह है कि आज देश की बड़ी आबादी जल संरक्षण के प्रति सचेत नहीं है। आज जल को व्यर्थ में बहाया जाता है क्यों कि आम आदमी यह सोचता है कि पानी ही तो है, क्या फर्क पड़ता है यदि इसे बहाया जाए या अधिक खर्च किया जाए, लेकिन पानी के प्रति इस सोच को कदापि ठीक नहीं कहा जा सकता है। पानी की कीमत उन लोगों से पूछिए जिनको पानी के लिए मीलों अपने सिर पर पानी को ढो कर लाना पड़ता है। राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों में आज भी पानी की बड़ी किल्लत है। दिल्ली जैसे बड़े शहरों में पानी के टैंकर हम आए दिन अखबारों की सुर्खियों में देखते ही हैं,जहां लोगों को मुश्किल से पानी मिलता है। वास्तव में, वहां लोग जल की महत्ता को समझ रहे हैं, जहां पानी की किल्लत है लेकिन जिन्हें बिना किसी परेशानी के जल मिल रहा है, वे ही बेपरवाह नजर आ रहे हैं। आज भी शहरों में फर्श चमकाने, गाड़ी धोने, टायलेट में और गैर-जरुरी कार्यों में, तथा रसोईघरों व बाथरूमों में पानी को निर्ममतापूर्वक बहाया जाता है। बहुत से सार्वजनिक स्थानों पर आज नलों को खुले छोड़ दिया जाता है और लाखों लीटर पानी बहाया जाता है। आज जल प्रदूषण की समस्या भी बहुत बड़ी है और जानकारी देना चाहूंगा कि प्रदूषित जल में आर्सेनिक, लौहांस आदि की मात्रा अधिक होती है, जिसे पीने से तमाम तरह की स्वास्थ्य संबंधी व्याधियां उत्पन्न हो जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन के अनुसार दुनिया भर में 86 फीसदी से अधिक बीमारियों का कारण असुरक्षित व दूषित पेयजल है। वर्तमान में करीब 1600 जलीय प्रजातियां जल प्रदूषण के कारण लुप्त होने के कगार पर हैं, जबकि विश्व में करीब 1.10 अरब लोग दूषित पेयजल पीने को मजबूर हैं और साफ पानी के बगैर अपना गुजारा कर रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि विश्व के 1.6 अरब लोगों को पीने का शुद्ध पानी नही मिल रहा है। बहरहाल, हाल ही में राजस्थान में भूजल दोहन के डराने वाले हालात सामने आए हैं। राजस्थान के एक प्रतिष्ठित दैनिक के हवाले से यह बात सामने आई है कि राजस्थान में जमीन में जितना पानी रिचार्ज किया गया उससे ज्यादा पानी निकाल लिया गया और जमीन से पानी निकालने का यह आंकड़ा 151 प्रतिशत तक है। राजस्थान में पहले ट्यूबवेल खुदाई के लिए एन ओ सी(नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट) लेना अनिवार्य था,जिसे हटा दिया गया है और इसी का फायदा उठाकर आज जमीन से लगातार ट्यूबवेल बनाकर पानी का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। बढ़ते औधोगिक कल कारखानों, शहरीकरण के कारण पानी की बहुत अधिक खपत हो रही है। जितना जल प्रदूषित किया जा रहा है,उस अनुरूप उसे स्वच्छ नहीं किया जा रहा है। आज बहुत से स्थानों पर पानी माफिया पनप चुके हैं। राजस्थान में हनुमानगढ़, गंगानगर जिलों में तथा अन्य जिलों में भी नहरों से पानी चोरी की घटनाएं आज आम हो गई हैं। आज पानी माफिया महंगी दरों पर पानी को बेच रहे हैं और बहुत मुनाफा कमा रहे हैं। सिंचाई,भवन निर्माण कार्यों के लिए वे महंगे दामों

# अखंड भारत-अविभाजित भारत की परिकल्पना

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा साख और ताकत को देखकर भविष्य के बादशाह का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। जनसंख्या, डिजिटल करेंसी,डिजिटलव्यवहार सहित अनेकों क्षेत्रों में भारतप्रथम है तो अनेकों क्षेत्रों में द्वितीय और अर्थव्यवस्था में तृतीय स्थान बनाने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ठीक उसी तरह दशकों से लटके हुए काम अनुच्छेद 370को हटाना, तीन तलाक को समाप्त करना, कश्मीर घाटी में जी-20 की बैठक पड़ोसी मुल्क पर सर्जिकल स्ट्राइक, चीन की आंखों में आंखें डालकर बात करना और विकसित देशों में भारी पैठ इत्यादि उदाहरणों को देखें तो मिशन 2047, 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था, विश्व में नंबर 1 अर्थव्यवस्था वर्तमान नेतृत्व के एजेंडे में दिखते है। परंतु हम कुछ वर्षों से देख रहे हैं कि कुछ संगठनों मुख्य रूप से नागपुर मुख्यालय के संगठन द्वारा अखंड भारत याने अविभाजित भारत की परिकल्पना को मुखरता से उठाया जा रहा है, तो वही सत्ताधारी पार्टी द्वारा इस मुद्दे पर संस्था से बोला जा रहा है और बात ठीक भी है क्योंकि अनुच्छेद 370 हटाने जैसा इतना आसान मामला नहीं है, भारत ही नहीं है बल्कि अनेकों देशों को एक साथ मिलाने वाली बात है। परंतु मेरा मानना है कि भारत बोलने में नहीं रिजल्ट दिखाने में विश्वास रखता है जिसे हमने सर्जिकल स्ट्राइक और 370 के मामलों में देखे है। चूंकि भारत नए संसद भवन में अखंड भारत के नक्शे नुमा म्यूरल आर्ट को रखकर विशालता सीटों से संसद भवन को बनाकर कहीं अखंड भारत की ओर बढ़ने का मिशन तो तैयार नहीं कर रहा है, ऐसी सोच में नेपाल भूटान बांग्लादेश और पाकिस्तान की न केवल टेंशन बढ़ा रही है, साथ ही नाराजगी भी दिखाई गई




है। इसी के चलते काठमांडू के मेयर ने एक बड़ा कदम उठाया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे अखंड भारत और अविभाजित भारत की परिकल्पना। साथियों बात अगर हम वास्तविक अखंड भारत की करें तो, अखण्ड भारत में आज के अफगानिस्थान, पाकिस्तान , तिब्बत,भूटान, म्यांमार बांग्लादेश, श्रीलंका आते है केवल इतना ही नहीं कालान्तर में भारत के साम्राज्य में आज के मलेशिया,फिलीपीन्स ,थाईलैण्ड ,दक्षिण वियतनाम कम्बोडिया इण्डोनेशिया आदि में सम्मिलित थे। सन् 1875 तक (अफगानिस्थान, पाकिस्तान , तिब्बत, भूटान, म्यांमार, बांग्लादेश, श्रीलंका) भारत के ही भाग थे लेकिन 1857 की क्रांति के पश्चात ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिल गई थी। उन्हें लगा की इतने बड़े भू-भाग का दोहन एक केन्द्र से करना सम्भव नहीं है एवं फुट डालो एवं शासन करो की नीति अपनायी एवं भारत को अनेकानेक छोटे-छोटे हिस्सो में बाँट दिया केवल इतना ही नहीं यह भी सुनिश्चित किया की कालान्तर में भारतवर्ष पुनः अखण्ड न बन सके अफगानिस्तान (1876) , विघटन की इस श्रृंखला का प्रारम्भ अफगानिस्तान से हुआ जब सन् 1876 में रूस एवं ब्रिटैन के बीच हुई गण्डामक सन्धि के बाद अफगानिस्तान भूटान (1906) श्रीलंका (1935) पाकिस्तान (1947) बंग्लादेश (1971) बर्मा (म्यामार) (1937) विभाजित हुए। साथियों बात अगर हम 28 मई 2023 को उद्घाटित नए संसद भवन में लगे म्यूरल आर्ट की करें तो, भारत के पीएम देश के नए और बेहतरीन संसद भवन के लोकार्पण के साथ कुछ पड़ोसी देशो की चिंता भी बढ़ा दी थी। इसकी वजह थी नए संसद भवन में लगे एक म्यूरल आर्ट। दरअसल नए संसद भवन में अखंड भारत के नक्शेनुमा म्यूरल आर्ट को लगाया गया है। इस वजह से नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और पाकिस्तान की टेंशन तो बढ़ी थी ही, साथ ही इनकी नाराजगी भी। नए संसद भवन में अखंड भारत का म्यूरल आर्ट देखकर ये देश भड़क भी गए। इसी के चलते अब काठमांडू के मेयर ने एक बड़ा कदम उठाया है। साथियों बात अगर हम काठमांडू के मेयर के एक कदम की करें तो, भारत के इलाके पर ठोका दाव, अखंड भारत के म्यूरल आर्ट से भड़ककर काठमांडू के मेयर ने एक कदम उठाया है। उन्होंने अपने ऑफिस में ग्रेटर नेपाल के नक्शे को तस्वीर लगाई है। इसमें पूर्वी तीस्ता से लेकर पश्चिम कांगड़ा तक के इलाके, जो भारत का हिस्सा है, को नेपाल में दिखाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार इस नक्शे में उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्सों को भी दिखाया गया है। नेपाल सरकार की तरफ से अब तक काठमांडू के मेयर के इस कदम पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। क्या है नेपाल के भड़कने का कारण?भारत के नए संसद भवन में लगे अखंड भारत के म्यूरल आर्ट में प्राचीनकाल में भारत के नक्शे को दशार्या गया है। अखंड भारत के इस नक्शे में वर्तमान का पाकिस्तान, नेपालअफगानिस्तान, मालदीव, श्रीलंका, म्यांमार और बांग्लादेश दिखाए गए हैं, जो तत्कालीन समय में भारत का ही हिस्सा थे। ऐसे में कुछ पडोसी देश इसे भारत की विस्तारवादी मानसिकता मान रहे हैं और इससे भविष्य को लेकर चिंतित हो रहे हैं। साथ ही भड़क भी रहे हैं।

सबसे ज्यादा इस मामले को पाकिस्तान और नेपाल में कुछ राजनीतिक दलों के सदस्य खींच रहे हैं।नेपाल की संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के महासचिव ने गुरुवार को कहा- ग्रेटर नेपाल के नक्शे को ऑफिशियली पब्लिश करना चाहिए। अगर भारत ने कल्चरल मैप पब्लिश किया है तो हमारे पास भी हक है कि हम ग्रेटर नेपाल का कल्चरल मैप पब्लिश करें। भारत को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। साथियों बात अगर हम इस मामले में नेपाल के पीएम के बयान की करें तो वे बोले, भारत दौरे पर पीएम से चर्चा की थी, अखंड भारत महज सांस्कृतिक मैप है, नेपाल के पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड जिन्होंने हाल ही में भारत यात्रा की है, ने अखंड भारत के नक्शे पर भारत का साथ दिया। थापा के बयान पर उन्होंने संसद में कहा- मैंने भारत यात्रा के दौरान अखंड भारत के नक्शे का मुद्दा उठाया था। तब भारत ने मुझे बताया कि ये सिर्फ एक सांस्कृतिक मैप है, जो इतिहास दिखा रहा है। इसे राजनीतिक तौर पर न देखा जाए। दरअसल, नेपाल में अब भी कई लोग ग्रेटर नेपाल के हिस्सों को वापस लेने की मांग करते रहते हैं। यहां राष्ट्रवादी कार्यकर्ता नेपाल लंबे समय से अखंड नेपाल के लिए प्रचार कर रहे हैं। नेपाल के कुछ दलों के नेताओं का कहना है कि उसका, जो हिस्सा सालों पहले भारत में मिला लिया गया था, उसे अब लौटा दिया जाना चाहिए। साथियों बात अगर हम इस मामले में भारतीय विदेश मंत्री के बयान की करें तो वे बोले, अखंड भारत का नक्शा अशोक साम्राज्य को दिखाता है। इसका राजनीति से कोई लेनादेना नहीं है। नेपाल जैसे फ्रेंडली देश इस बात को समझ चुके हैं। इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि नई संसद में लगा अखंड भारत का नक्शा अशोक साम्राज्य के विस्तार को दिखाता है। इसके लिए नक्शे के सामने एक बोर्ड लगाकर जानकारी भी दी गई है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अखंड भारत - अविभाजित भारत की परिकल्पना। नए संसद भवन में अखंड भारत के नक्शे नुमा म्युरल आर्ट को लेकर पड़ोसी मुल्कों में टेंशन ! अखंड भारत को साकार रूप देना आसान नहीं - भारत में इस मुद्दे पर संश्यता और मुखरता से डिबेट शुरू हो गई है।

# प्रतिभाओं के पलायन को रोकना चाहिए

अशोक

**हमारे** देश में नए प्रतिभाओ की कोई कमी नहीं है। बहुत सारे उम्दा और अच्छे भारतीय डॉक्टर्स को विदेशो में काम करते हुए देखा गया है। वहाँ वह नाम और शोहरत हासिल करते है। यह हमारे देश के लिए गर्व की बात है। हमारे देश में एक से बढ़कर एक प्रतिभाएं है लेकिन इस विषय पर हमारे देश के सरकार को सोचने की आवश्यकता है। सोचना यहां है कि देश की प्रतिभाएं देश में काम ना करके , बाहरी देशो में काम कर रहे है। अगर देश की प्रतिभाएं देश में ना रहकर बाहर चली जाएँ तो उसे प्रतिभा पलायन कहते है ।प्रतिभा पलायन एक बहुत बड़ी समस्या है। जिन लोगो के पास प्रतिभा है वह ज्यादा तरक्की करना चाहते है। उन्हें ज्यादा सुख सुविधाएं चाहिए । उन्हें जो वेतन और तरक्की चाहिए, वह उन्हें यहां अपने देश में नहीं मिलती है। यही वजह है कि अच्छी नौकरी मिलते ही वह दूसरे देश चले जाते है ।देश के अच्छे प्रतिभाशाली लोग अच्छे मौके की तलाश में बाहर देशो की ओर रुख कर लेते है। अच्छे डॉक्टर , इंजीनियर इत्यादि शिक्षित लोग पश्चिमी देशो में जाकर बस गए है ताकि उन्हें सुख सुविधाओं वाली ज़िन्दगी मिले। कुछ नोबेल पुरस्कार विजेताओं के कई नाम हमे मिल जायेगे जो वास्तव में भारतीय है। लेकिन उन्होंने पश्चिमी देशो में रहना ही पसंद किया है ।बुद्धिमान लोग अपने उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाना पसंद करते है क्यूंकि उन्हें लगता है जो शिक्षा उन्हें वहाँ मिलेगी वह भारत में मिलना संभव नहीं है ।भारत के कई दिग्गजों ने नोबल पुरस्कार जीता जिसने देश का गौरव बढ़ाया। लेकिन देखा जाए तो उन विजेताओं ने बाहरी देशो में काम करना पसंद किया ।अब सोचना यह है कि क्यों देश के प्रतिभाशाली लोग यहां से पलायन कर रहे है। वह अपने देशो को छोड़कर दूसरे देशो में रहकर सेवा करना पसंद करते है ।यह बेहद सोचने वाली बात है।

भारत से पलायन कर अमेरिका जाने वाले 44 प्रतिशत भारतीय बाद में वहां की नागरिकता हासिल कर वहीं बस जाते हैं। कनाडा और आस्ट्रेलिया जाने वाले 33 प्रतिशत भारतीय भी ऐसा ही करते हैं। ब्रिटेन, सऊदी अरब, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और सिंगापुर आदि देशों में भी बड़ी संख्या में भारतीय बसे हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार 1.25 करोड़ भारतीय नागरिक विदेश में रह रहे हैं, जिनमें 37 लाख लोग ओसीआइ यानी ओवरसीज सिटीजनशिप ऑफ इंडिया कार्डधारक हैं। हालांकि इन्हें भी वोट देने, देश में चुनाव लड़ने, कृषि संपत्ति खरीदने या सरकारी कार्यालयों में काम करने का अधिकार नहीं होता है। पढ़ाई, बेहतर कॅरियर, आर्थिक संपन्नता और भविष्य को देखते हुए भारत से बड़ी संख्या में लोग विदेश का रुख करते हैं। पढ़ाई के लिए विदेश जाने वाले लोगों में से करीब 80 प्रतिशत लोग वापस भारत नहीं लौटते हैं। कॅरियर की संभावनाओं को देखते हुए और अच्छे अवसर मिलने के कारण वे विदेश में ही बस जाते हैं।

भारत जब सशक्त बन रहा है, दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हो रहा है, नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं नीतियों की दुनिया में सराहना हो रही है, विकास की अनंत संभावनाएं उजागर हो रही हैं, इन सकारात्मक स्थितियों के बीच ऐसे क्या कारण हैं कि नागरिक एवं प्रतिभा पलायन जारी है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय और एसोचैम जैसे संस्थानों को इस बात पर ध्यान देने कि जरूरत है कि इसे कैसे रोका जाए। प्रतिभा पलायन अब निश्चित रूप से घाटे का सौदा बनता जा रहा है। प्रतिभा पलायन रोकने के लिए आइआइटी और आइआइएम जैसे और संस्थान स्थापित किए जाने की जरूरत है। विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में अपने कैंपस खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उनके लिए कर रियायतें और प्रोत्साहन दी जानी चाहिएं जिससे हमारे देश का शिक्षा स्तर ऊपर हो। इससे प्रतिभा पलायन पर भी लगाम लगेगी।प्रतिभा पलायन इस वजह से भी हो रहा है कि यहां पर लोग उच्च शिक्षा बड़े पैमाने पर प्राप्त नहीं कर सकते है। यहां कुछ सीमाएं है जिसकी वजह से वह शिक्षा और सुविधा नहीं मिल पाती है। यहां देश में अच्छे , उच्च शिक्षा प्राप्त लोगो को भी बहुत अच्छी नौकरी नहीं मिल पाती है।इसकी वजह से उन्हें काम में वह सुकून और संतुष्टि नहीं मिल पाती है।

अगर देश में अवसरों और सुविधाओं की कमी ना होती तो कल्पना चावला अपने देश में रहकर शिक्षा प्राप्त कर पाती। वह अपने देश में सपने पूरे ना कर पाती , इसकी वजह है सुविधाओं की कमी। इसलिए ज्यादातर लोग अच्छे सुविधाओं की वजह से अमरीका और पश्चिमी देशो में चले जाने को विवश है ।भारत में हर साल कई कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और इत्यादि इंजीनियर बनकर निकलते है। सबको अपने मन मुताबिक नौकरी नहीं मिल पाती है। इसलिए वह अच्छे और अपने योग्य नौकरी करना चाहते है। इसके लिए वह उन्नत देशो जैसे कनाडा , अमरीका , ऑस्ट्रेलिया की ओर रुख कर लेते है। भारत से पलायन कर अमेरिका जाने वाले 44 प्रतिशत भारतीय बाद में वहां की नागरिकता हासिल कर वहीं बस जाते हैं। कनाडा और आस्ट्रेलिया जाने वाले 33 प्रतिशत भारतीय भी ऐसा ही करते हैं। ब्रिटेन, सऊदी अरब, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और सिंगापुर आदि देशों में भी बड़ी संख्या में भारतीय बसे हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार 1.25 करोड़ भारतीय नागरिक विदेश में रह रहे हैं, जिनमें 37 लाख लोग ओसीआइ यानी ओवरसीज सिटीजनशिप ऑफ इंडिया कार्डधारक हैं। हालांकि इन्हें भी वोट देने, देश में चुनाव लड़ने, कृषि संपत्ति खरीदने या सरकारी कार्यालयों में काम करने का अधिकार नहीं होता है। पढ़ाई, बेहतर कॅरियर, आर्थिक संपन्नता और भविष्य को देखते हुए भारत से बड़ी संख्या में लोग विदेश का रुख करते हैं। पढ़ाई के लिए विदेश जाने वाले लोगों में से करीब 80 प्रतिशत लोग वापस भारत नहीं लौटते हैं। कॅरियर की संभावनाओं को देखते हुए और अच्छे अवसर मिलने के कारण वे विदेश में ही बस जाते हैं।

भारत जब सशक्त बन रहा है, दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हो रहा है, नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं नीतियों की दुनिया में सराहना हो रही है, विकास की अनंत संभावनाएं उजागर हो रही हैं, इन सकारात्मक स्थितियों के बीच ऐसे क्या कारण हैं कि नागरिक एवं प्रतिभा पलायन जारी है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय और एसोचैम जैसे संस्थानों को इस बात पर ध्यान देने की जरूरत है कि इसे कैसे रोका जाए। प्रतिभा पलायन अब निश्चित रूप से घाटे का सौदा बनता जा रहा है। प्रतिभा पलायन रोकने के लिए आइआइटी और आइआइएम जैसे और संस्थान स्थापित किए जाने की जरूरत है। विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में अपने कैंपस खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उनके लिए कर रियायतें और प्रोत्साहन दी जानी चाहिएं जिससे हमारे देश का शिक्षा स्तर ऊपर हो। इससे प्रतिभा पलायन पर भी लगाम लगेगी। देश को अपने प्रतिभाओ को रोकना देश का दायित्व है। देश में एक से बढ़कर एक प्रतिभाएं है। उन्हें अपने देश में इतनी अहमियत नहीं मिलती ,इसलिए वह दूसरे देशो में चले जाते है। देश की जिम्मेदारी है इन प्रतिभाओ को रोकना और उन्हें प्रोत्साहन देना। यह देश के लिए बहुत बड़ी चुनौती है लेकिन प्रतिभा पलायन को रोकना अनिवार्य हो गया है।

देश का प्रथम लक्ष्य होना चाहिए इन प्रतिभाओ को सही दिशा और उचित सम्मान देना जो दुर्भाग्यवश यहां नहीं मिल पाता है ।देश में आर्थिक समस्याओं की वजह से प्रतिभाओ को वह उत्साह , समर्थन नहीं मिल पाता है। कई लोगो में प्रतिभाएं होती है लेकिन कई अवसरों की कमी हो जाती है जिस वजह से वह अपना वतन छोड़कर चले जाते है ।देश के युवा देश की उन्नति के लिए जिम्मेदार होता है। देश में जिस तरह से बेरोजगारी बढ़ती जा रही है उससे देश के अच्छे और टैलेंटेड लोग देश छोड़कर चले जा रहे है।

देश में बेरोजगारी और आर्थिक समस्याओं की वजह से युवाओ को अपने प्रतिभा को बढ़ाने का मौका नहीं मिलता है। हम सभी सत्य नडेला से वाकिफ है। वह माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ है। वह हमारे देश की प्रतिभा है लेकिन विदेश में रहते है। उनका जन्म हैदराबाद में हुआ लेकिन आज वह विदेश में अपने देश का नाम ऊँचा कर रहे है ।लोगो के अंदर छिपी प्रतिभाएं बाहर नहीं आ पाती है। इसकी वजह है क्षेत्र और कई अलग समस्याएं। हर व्यक्ति में कुछ ना कुछ प्रतिभाएं छिपी रहती है। उनके अंदर छिपे कलाकार का सम्मान देना चाहिए। उनकी अहमियत को समझकर उसे आगे बढ़ाना चाहिए। तब उनका विश्वास अपने देश पर बढ़ेगा और वह देश छोड़कर नहीं जाएंगे ।निष्कर्ष प्रतिभाओ की कदर देश को करनी चाहिए तभी देश उन्नति करेगा। मानव संसाधन विकास मंत्रालय और एसोचैम जैसे संस्थानों को इस बात पर ध्यान देने कि जरूरत है कि इसे कैसे रोका जाए। प्रतिभा पलायन अब निश्चित रूप से घाटे का सौदा बनता जा रहा है। प्रतिभा पलायन रोकने के लिए आइआइटी और आइआइएम जैसे और संस्थान स्थापित किए जाने की जरूरत है।

विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में अपने कैंपस खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उनके लिए कर रियायतें और प्रोत्साहन दी जानी चाहिएं जिससे हमारे देश का शिक्षा स्तर ऊपर हो। इससे प्रतिभा पलायन पर भी लगाम लगेगी।

# बाल श्रम पर लगे लगाम

रमेश सर्राफ धमोरा

**भारत** में सबसे अधिक आबादी नवयुवकों की है। इसीलिए इसे युवाओं का देश कहा जाता है। युवा शक्ति के बल पर ही भारत विश्व का सिरमौर देश बनने का प्रयास कर रहा है। इतना होने के उपरांत भी आज भारत में बड़ी संख्या में बाल श्रमिक कार्यरत है। जो भारत की युवा शक्ति पर एक बदनुमा दाग लगाते हैं। युवा शक्ति वाले देश में बच्चों से काम करावाना जहां युवा शक्ति का अपमान है वहीं देश की छवि भी खराब करता है। इसके लिए सरकार व समाज को मिलकर देश में बाल मजदूरी की प्रथा को बंद करवाना होगा। तभी सही मायने में विकसित भारत बन पाएगा। बच्चों को जिस उम्र में खेलना-कूदना, पढ़ना चाहिए। उस नन्ही सी उम्र में वह अपने परिवार का पेट पालन के लिए विभिन्न कल-कारखानों, लोगों के घरों पर, खेत खलिहान में व अन्य स्थानों पर काम करते नजर आते हैं। छोटे-छोटे बच्चों को कठोर काम करते देखकर लोगों का हृदय द्रवित हो जाना चाहिए मगर ऐसा होता नहीं है। बहुत से घरों में छोटे बच्चों को घरेलू कामगार के रूप में काम करते देखा जा सकता है। जहां संपन्न परिवारों के बच्चे अच्छे और महंगे स्कूलों में पढ़ते हैं। वही उसी घर में एक गरीब मां बाप का छोटा बच्चा उनके घरेलू काम करता नजर आता है। एक देश में समाज की दो व्यवस्थाएं देखी जा सकती है। यह समाज ही नहीं देश के विकास की राह में भी सबसे बड़ी बाधा है। बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए दुनिया भर में 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 साल से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से 2002 में द इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की ओर से इस दिवस की शुरूआत की गई थी। बाल श्रम के खात्मे के लिए आज के दिन श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और सरकारें तमाम आयोजन करती हैं। इसके बावजूद बाल मजदूरी पर लगाम नहीं लग पा रही है। बाल श्रम से तात्पर्य ऐसे काम से है जो मानसिक, शारीरिक, सामाजिक या नैतिक रूप से बच्चों के लिए खतरनाक और हानिकारक है। उनकी स्कूली शिक्षा में हस्तक्षेप करता है। उन्हें स्कूल जाने के अवसर से वंचित करने व उन्हें समय से पहले स्कूल छोड़ने के लिए बाध्य करता है। बाल मजदूरी और शोषण के अनेक कारण हैं। जिनमें गरीबी, सामाजिक मापदंड, वयस्कों तथा किशोरों के लिए अच्छे कार्य करने के अवसरों की कमी शामिल हैं। ये सब वजहें सिर्फ कारण नहीं बल्कि भेदभाव से पैदा होने वाली सामाजिक असमानताओं के परिणाम हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे स्तर पर होटल, घरों व फैक्ट्री में काम कर या अलग अलग व्यवसाय में मजदूरी कर लाखों, करोड़ों बाल श्रमिक अपने बचपन को तिलांजलि दे रहें हैं। जिन्हें न तो किसी कानून की जानकारी है, और ना ही पेट पालने का कोई और तरीका पता है। भारत में ये बाल श्रमिक कालीन, दियासलाई, रत्न पॉलिश व जवाहरात, पीतल व कांच, बीड़ी उघोग, हस्तशिल्प, सूती होजरी, नारियल रेशा, सिल्क, हथकरघा, कढ़ाई, बुनाई, रेशम, लकड़ी की नक्काशी, फिश फीजिंग, पत्थर की खुदाई, स्लेट पेंसिल, चाय के बागान में कार्य करते देखे जा सकते हैं। लेकिन कम उम्र में इस तरह के कार्यों को असावधानी से करने पर इन्हें कई तरह की बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। एक अध्ययन में पता चला है कि जितने भी बच्चे बालश्रम में लिप्त हैं वे या तो निरक्षर थे या पढ़ाई छोड़ दी थी। इनमें अधिकांश बच्चे बीमार पाए गए और कई बच्चे नशे के आदि भी हो गये। बाल श्रम की समस्या का मुख्य कारण निर्धनता और अशिक्षा है। जब तक देश में भुखमरी रहेगी तथा देश का हर नागरिक शिक्षित नहीं होंगा तब तक इस प्रकार की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी रहेंगी। देश में बाल श्रमिक की समस्या के समाधान के लिये प्रशासनिक, सामाजिक तथा व्यक्तिगत सभी स्तरों पर प्रयास किया जाना आवश्यक हैं। देश में कुछ विशिष्ट योजनाएं बनाई जाएं तथा उन्हें कार्यान्वित किया जाए। जिससे लोगों का आर्थिक स्तर मजबूत हो सके और उन्हें अपने बच्चों को श्रम के लिये विवश न करना पड़े।

# भौतिक पूँजी के साथ सुविचारों की पूँजी बढ़ा?

चन्द्र प्रभा सूद

**मनुष्य** जीवन भर अपनी पूँजी बढ़ाने की फिराक में रहता है। ऐसा कोई अवसर नहीं चूकता जिससे उसकी पूँजी में बढ़ोत्तरी हो सके और उसका धन दिन-प्रतिदन द्विगुणित होता रहे। इसके लिए अपने धन को बैक में फिक्सड कराता है, स्वर्ण आदि के बाँड खरीदता है, उसे शेयर मार्किट में लगाता है, नए व्यापार में उसे इन्वेस्ट करता है। और भी न जाने क्या-क्या उपाय अपने जीवन काल में करता रहता है? मनुष्य हर हाल में दूसरों से आगे निकलकर विजयी कहलाना चाहता है। इसके लिए घर-परिवार की परवाह किए बिना दिन-रात का सुख-चैन होम कर देता है। माता-पिता, पत्नी-बच्चों, बन्धु-बान्धवों तक सबको भुलाकर पूँजी को बढ़ाने के लिए अपने एकसूत्री मिशन पर आगे-आगे बढ़ता ही जाता है। तब उसके पास पीछे मुड़कर देखने के लिए भी कोई समय नहीं होता। उस संघर्ष काल में उसका अपना समय भी उसके हाथ से फिसल जाता है। उसके जीवन में फिर एक समय भी ऐसा आ जाता है जब अथक परिश्रम से कमाई हुई मनचाही दौलत उसके पास एकत्र हो जाती है पर अपनों का साथ छूट जाता है। तब वह हैरान रह जाता है और पश्चाताप करता है कि यह उसने क्या कर डाला? उसके हाथ में उस समय कुछ भी नहीं बच पाता। वह मानो खाली हाथ रहकर दूसरों का मुँह ताकता रह जाता है। उस भागमभाग में वह इस सत्य को भी भूल जाता है कि उसकी वास्तविक पूँजी उसके अपने बन्धु-बान्धव हैं। उनसे भी बढ़कर उसके अपने सद् विचार हैं, उसकी नेक करनी है। धन-दौलत और ऐश्वर्य तो सब इस लोक की कमाई है जो परलोक में उसके साथ नहीं जाते। जहाँ आँखे बन्द हुईं सब कुछ मानो समाप्त हो जाता है। उसके सत्कर्म और उसके विचार रूपी पूँजी जन्म-जन्मान्तरों तक उसके साथ रहती है। उन्हीं के अनुसार ही मृत्यु के पश्चात उसे पुनर्जन्म मिलता है।

जैसे-जैसे कर्म मनुष्य करता रहता है वैसा-ही-वैसा फल उसे मिलता है। न उससे कम और न उससे ज्यादा। ईश्वर के न्याय में किसी प्रकार की हेराफेरी अथवा भाई-भतीजा वाद नहीं होता। वह किसी के साथ पक्षपात नहीं करता। इसलिए वहाँ पर बस केवल फेयर गेम होती है। इन्सान को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि यह धन-वैभव मोहिनी माया है। वह आज एक के पास है तो कल दूसरे के पास चली जाती है।

# कांग्रेस ने पूंछे मोदी से नौ सवाल, कब देंगे जवाब

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने उठाये सवाल




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड ने मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर नौ सवाल आम जनता से पूंछा है। इसका जवाब मोदी सरकार कब देगी। पहला सवाल अर्थव्यवस्था, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी आसमान छू रही है।

रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि अमीर क्यों अमीर हो रहा है, गरीब और गरीब हो रहा है। सार्वजनिक संपत्तियों को मोदी अपने मित्रों को क्यों बेंच रहे हैं। आर्थिक विषमता क्यों बढ़ रही हैं। दूसरा सवाल कृषि और किसान की आमदनी पिछले नौ सालों में दुगनी क्यों नहीं हो रही। काले कानून रद्द करते समय किसान संगठनों के साथ हुए समझौते को अभी तक क्यों नहीं लागू किया गया। एमएसपी गारंटी क्यों नहीं दी गई। तीसरा सवाल भ्रष्टाचार मित्रवाद अडानी को फायदा पहुंचाने को एलआईसी और सीएसबीआई में जमा जनता का पैसा दांव पर लगा दिया। भ्रष्टाचार को खत्म करने वाले प्रधानमंत्री इसका जवाब देंगे। अडानी की फर्जी कंपनियों में 20 हजार करोड़ किसके हैं। चैथा सवाल चीन और राष्ट्रीय सुरक्षा चीन को लाल आंख दिखाने की बात करने वाले प्रधानमंत्री ने उसे 2020 में क्लीन चिट दे दी, जबकि वह आज भी हमारी जमीन पर कब्जा करके बैठा है। पांचवा सवाल सामाजिक सद्भाव ऐसा क्यों चुनावी फायदे को जानबूझकर बंटवारे की राजनीति को हवा दी जा रही है। समाज में डर का माहौल बनाया जा रहा है। छठवां सवाल सामाजिक न्याय महिलाओं दलितों एससी/एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर प्रधानमंत्री चुप रहते हैं। जाति जनगणना की मांग को क्यों नजरअंदाज कर रहे हैं। सातवां सवाल लोकतांत्रिक संस्थाएं विपक्षी दलों और नेताओं के खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है। जनता से चुनी विपक्षी दलों की कई सरकारें गिराई गई। पिछले नौ सालों में संवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं को क्यों कमजोर किया गया। आठवां सवाल जनकल्याण की योजनाएं बजट में कटौती कर-के मनरेगा जैसी जनकल्याण की योजना को कमजोर किया गया। गरीब आदिवासी एवं जरूरतमंद के सपनों को कुचला जा रहा है। नौंवा सवाल करो ना मिस मैनेजमेंट करुणा के कारण 40 लाख लोगों की मौत के बाद उनके परिवारों को मुआवजा देने से मना कर दिया गया। अचानक लॉकडाउन करके लाखों कामगार साथियों को घर जाने को मजबूर किया। उन्हें उनके हाल में छोड़ दिया। प्रधानमंत्री इधर-उधर की बातें न करके आमजनता को इन नौ सवालों के जवाब कब देंगे। कांग्रेस जनता से जुड़े मुद्दों के सवाल पूंछती रहेगी। कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री मन की बात न करके कुछ जन की बात सुने, बढ़ती महंगाई-बेरोजगारी से जनता की कमर टूट रही है। इस विषय में कब जवाब देंगे। इस मौके पर सेवादल अध्यक्ष चुनवाद प्रसाद, प्रदेश सचिव एससी सेल शिव गुलाम वर्मा, जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## कार्यशाला में साइट सेवर की रही महत्वपूर्ण भूमिका



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एनएचएम उत्तर प्रदेश एवं अंधत्व निवारण पर पूरे विश्व में काम करने वाली संस्था साइट सेवर की ओर से राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता एवं दृष्टि दोष नियंत्रण के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र ने सरकारी अस्पतालों में नेत्र सर्जरी में गुणवत्ता लाने को सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला लगाई थी।

रविवार को प्रदेश के 18 मंडलों के 40 वरिष्ठ नेत्र सर्जनों ने कार्यशाला में हिस्सा लिया था। दो दिवसीय कार्यशाला में सदगुरु नेत्र के चिकित्सको ने नेत्र सर्जरी में गुणवत्ता, क्षमता, कार्य कुशलता जैसे तमाम विषयों पर जानकारी साझा की थी।

साइट सेवर के यूपी हेड प्रमोद त्रिपाठी ने बताया कि साइट सेवर अभी उप्र के छह जिलों में अंधत्व निवारण पर काम कर रहा है। आगे पूरे उप्र में काम किया जायेगा। दो दिवसीय गुणवत्ता कार्यशाला कराने में साइट सेवर की अहम भूमिका रही।

## पुलिस ने दबोचे चार वारंटी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने चार वारंटी गिरफ्तार किये हैं।

रविवार को प्रभारी निरीक्षक कर्वी गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में दरोगा रामाधार सिंह की टीम ने विद्युत अधिनियम के वारंटी रामनेरश पुत्र भैयालाल निवासी कर्वी माफी को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा रामाधार सिंह, सिपाही रोहित यादव शामिल रहे।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने वारंटी बच्चा पुत्र रामदेव धोबी निवासी बिहरवां थाना सरधुवा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा अनिल गुप्ता, सिपाही पुष्पेन्द्र कुमार शामिल रहे। चैकी प्रभारी शिवरामपुर राजोल नागर की टीम ने वारंटी चंद्रपाल पुत्र बुद्धू यादव निवासी कल्ला व वारंटी अफसाना बेगम पत्नी नूर मोहम्मद निवासी शिवरामपुर को गिरफ्तार किया है। टीम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर राजोल नागर, सिपाही तेजपाल, महिला पीआरडी दीपा देवी शामिल रहे।

## स्वच्छता अभियान में सभी लोग करें सहयोग: नरेन्द्र गुप्ता



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 73वें सफाई अभियान में कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में साफ-सफाई हुई। जिलाधिकारी की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन के तहत ये अभियान परिक्रमा मार्ग में चलाया जा रहा है।

रविवार को नगर पालिका परिषद कर्वी के चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान सरकार का महत्वपूर्ण अभियान है। इसमें सबको बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। अधिशासी अधिकारी लालजी यादव ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। ब्रांड एंबेसडर नगर पालिका राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गांधीजी ने स्वच्छता को सेवा का भाव कहा था। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार ने बताया कि लोगों को अपने घरों के साथ आसपास भी साफ रखना चाहिए। स्वच्छता से रहने पर बहुत सी बीमारियों से बच सकते हैं। स्वच्छता अभियान में अंजू वर्मा, सभासद शुभम केसरवानी, जितेंद्र केसरवानी, विकास द्विवेदी, राजेंद्र अग्रहरि, अंकुर केसरवानी, विनोद कुमार, मनोज कुमार, विवेक केसरवानी, सुमित केसरवानी, स्वच्छता प्रभारी जानकी कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## पहाडी-मऊ ब्लाक में फर्जी विकलांग प्रमाण पत्रों की भरमार, सीएमओ आफिस के लिपिक की है कारस्तानी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ व पहाडी ब्लॉक में दलालों के माध्यम से फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र बनवाकर तमाम लोग शासन की योजनाओं का बेजा ढंग से लाभ उठाकर सरकार को क्षति पहुंचा रहे हैं।

रविवार को पहाडी व मऊ ब्लाक में दलालों के माध्यम से फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने की खबर मिली है। बताया गया कि पहाडी व मऊ ब्लॉक में दलालों का जमावड़ा लगता है। दलाल लोगों के फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र बनवाकर सरकार को क्षति पहुंचा रहे हैं। जो व्यक्ति व महिला वास्तव में विकलांग है, वे दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। जो विकलांग नही है, वे दलालों के माध्यम से 10 से 20 हजार रुपये देकर फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र बनवाकर शासकीय सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। जिले के सीएमओ ऑफिस के विकलांग प्रमाण पत्र ऑपरेटर मोटी रकम ले-देकर फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र बना रहा है। प्रदेश सरकार को भारी क्षति पहुंच रही है। जिला मुख्य चिकित्साधिकारी मामले को संज्ञान में लेकर धरातल पर जांच करायें तो 50 फीसदी लोगों के प्रमाण पत्र फर्जी मिलेंगे। सीएमओ के विकलांग ऑफिस के लिपिक को आखिर किसका संरक्षण प्राप्त है, जो धडाधड फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र बना रहा है।

## योगी सरकार ने छह आईएएस अधिकारियों को किया इथर से उधर

**लखनऊ। प्रदेश में** आज शनिवार को योगी सरकार ने छह आईएएस अधिकारियों को इथर से उधर किया गया है।वंही फिरोजाबाद के जिलाधिकारी रवि रंजन हटाए गए हैं।

गोंडा के जिलाधिकारी उज्ज्वल कुमार को फिरोजाबाद के नए जिलाधिकारी के रुप मे नियुक्त किए गए हैं।

# अनुसूचित जाति के लोगों की कीमती भूमि को हडप रहे चकबन्दी अधिकारी

## ग्रामीण ने सूबे के मुख्यमंत्री को भेजा पत्र



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के बगरेही गांव के ग्रामीण गिरजेश मिश्र ने सूबे के मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा कि बगरेही गांव में आकार पत्र 23 जारी होने के बाद काश्तकारों की भूमि की नापजोख की प्रक्रिया चल रही है। धारा 23 दौरान नाप एक चकबंदी लेखपाल नकल राइटिंग करने वाले कामता प्रसाद के अलावा अन्य सभी चकबंदीकताओं के घोर लापरवाही रवैया अपनाने के आरोप हैं। वे दावतबाजी व रिश्वतबाजी की चकाचैंध में गांवसभा की बचत भूमि को काश्तकार के रकबे से विभाजित किये बिना लेनदेन कर नापजोख प्रक्रिया की खानापूरी कर रहे हैं।

रविवार को बगरेही गांव के गिरजेश ने सूबे के मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि इसी प्रकार गांव के बेहद गरीब अनूसूचित जाति के काश्तकार/वृद्ध विकलांग बोधन की पैतृक जमीन 1962 से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। बांदा-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे वर्तमान प्रधान/अध्यक्ष के घर के बगल से है। बेशकीमती जमीन को बिना एक्सप्लेन किये गरीबों की जमीनों को कुछ लेन-देनकर हड़पने की मंशा पाले हैं। जिला परिषद के काफी अरसे पुराने राजमार्ग की बाबत जिला परिषद को बिना सूचना दिये चकबंदी अधिकारियों की मनमर्जी से चकबंदी कानून का घोर उल्लंघन हो रहा है। चकबंदी अधिकारियों ने कोई संज्ञान नहीं ले रहे। कुछ धनाढ्य काश्तकारों ने जमीन में चेकडैम बनने से नदी में डूब चुकी, जिसकी मालियत मात्र 40 या 60 पैसे है, को उड़ान चक बनाकर 90 पैसे मालियत वाली गरीब काश्तकारों के खेतों को हड़पने का कार्य हो रहा है। रिश्वतबाजी के मद में चूर गांव के कुछ धनाढ्य लोगों से रुपया कमाने में लगे हैं। उनके इशारों पर चकबंदी कानून का उल्लंघन कर गरीबों के हक हड़पे जा रहे हैं।

उन्होंने मांग किया कि अनूसूचित जाति के काश्तकार बोधन की पैतृक जमीन वापस की जाये। उन चकों को पुनः मूलचक वाले स्थान नदी किनारे वाली भूमि में वापस किया जाये। न्यायहित में ग्राम पंचायत में चकबंदी की बाबत अविलम्ब सूचना जारी की जाये।

## दबंग महंत गरीब के घर पर कर रहा जबरन कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीतापुर चैकी क्षेत्र के कटरा गूदर के निवासी कृष्ण प्रकाश गुप्ता उर्फ बच्चा ने जिला प्रशासन समेत सूबे के मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि दबंग महंत उसका घर कब्जा करने के प्रयास में जुटा है।

रविवार को सीतापुर पुलिस चैकी क्षेत्र के कटरा गूदर गांव के कृष्ण प्रकाश गुप्ता ने सूबे के मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि उसका मिट्टी का कच्चा पुश्तैनी घर बना है। बंदरों के खपरैल तोड़ने पर वह लोहे की टीने लगवा रहा है। पड़ोसी हनुमान धारा के हनुमान मंदिर के महंत राधामोहन मिश्रा उसके घर पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। महंत ने उसके खपरैल पर बंदरों का दाना-पानी डालकर नष्ट कर दिया है। घर पर कब्जा करने को महंत अपनी दीवार पर दरवाजा कर रहा है। दूसरे की भूमि व कब्जे के मन्दिरों को जबरन कब्जा लेना महंत का पेशा है। उसे धमकाकर घर से बेदखल करने का दबाव बना रहा है।

पीड़ित कमजोर व गरीब है। इसके चलते दबंग महंत का मुकाबला करने में सक्षम नहीं है। महंत की दबंगई के चलते पड़ोसी भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। उप्र-मप्र सीमा के दावे दिखाकर महंत लगातार स्थानीय प्रशासन को गुमराह कर रहा है। पीड़ित ने डीएम-एसपी समेत मुख्यमंत्री से जांच कर मदद की गुहार लगाई है।

## विश्व योग दिवस पर देंगे एकता का संदेश



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व योग दिवस 21 जून पर गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट में लोगों को योगाभ्यास करा रहे हैं। योगाभ्यास के प्रशिक्षण के शुभारंभ मे डीआरआई के इं आरएस त्रिपाठी, दिल्ली के डॉ राम अवतार शर्मा, रामपथगमन इटावा डीजीसी वीरेंद्र सिंह, गायत्री परिवार के प्रतिनिधि पं श्रीराम शर्मा, आचार्य संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य छात्रों के साथ स्थानीय लोगों की मौजूदगी में योगाभ्यास हो रहा है।

रविवार को गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ राम नारायण त्रिपाठी ने योग कार्यक्रम सम्पन्न कराया। कहा कि विश्व में सनातन धर्म के योग जैसी कल्याणकारी योजना को प्रधानमंत्री और देश के कई संगठनों के साथ गायत्री परिवार विश्व स्तर पर योग स्थापित हो गया है। भारतीय संस्कृति ही विश्व की समस्याओं का समाधान है। दीनदयाल शोध संस्थान के संयोजन में बडे पैमाने पर सामूहिक योग विश्व योग दिवस 21 जून को सद्गुरु सेवा संघ के मैदान मे सवेरे छह बजे से होगा। चित्रकूट की एकता का संदेश योग के माध्यम से देंगे।

# अखिल भारतीय प्रजापति महासंघ के जिलाध्यक्ष बने सरोज प्रजापति

## प्रजापति समाज के युवा महिला शिक्षा राजनीति में हों सक्रिय: रामपाल प्रजापति



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय प्रजापति समाज धर्मशाला खोही में प्रजापति समाज की बैठक राजाराम प्रजापति की अध्यक्षता व अखिल भारतीय प्रजापति महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल प्रजापति के मुख्य आतिथ्य में हुई। रविवार को प्रजापति समाज ने सामाजिक विषयों को लेकर प्रस्ताव रखे। समाज के गौरव राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक स्व बैजनाथ प्रजापति की प्रतिमा स्थापना पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। अखिल भारतीय प्रजापति समाज धर्मशाला ट्रस्ट के विकास/वार्षिक सम्मेलन, आय-व्यय का वार्षिक विवरण पेश किया। 16-17 जुलाई को अधिवेशन की सहमति बनी। अखिल भारतीय प्रजापति महासंघ चित्रकूट शाखा का गठन राष्ट्रीय संरक्षक संतोष कुमार प्रजापति के निर्देश में जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ। नव मनोनीत जिलाध्यक्ष सरोज कुमार प्रजापति प्रधान बरद्वारा, जिला मुख्य महासचिव रामेश्वर प्रजापति, शिक्षक उपाध्यक्ष में राकेश प्रजापति, कामता प्रसाद प्रजापति, नत्थू प्रसाद प्रजापति, मेघराज प्रजापति, राकेश कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष जगतपाल प्रजापति, शिक्षक जिला सचिव राज बहादुर प्रजापति, नांदी सुरेंद्रनाथ प्रजापति, राज बहादुर प्रजापति, बुधराम प्रजापति, शिव शंकर प्रजापति, गंगा प्रसाद प्रजापति, मीडिया प्रभारी कमलेश प्रजापति, जिला संरक्षक मोहनलाल प्रजापति, भोड़ेलाल प्रजापति, राम गरीब प्रजापति, जानकीशरण प्रजापति, राजाराम प्रजापति, चंद्रशेखर प्रजापति व 11 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी में संजय कुमार प्रजापति, दिनेश कुमार प्रजापति, उदयभान प्रजापति, सुखराज प्रजापति, सुनील कुमार प्रजापति, राधेश्याम प्रजापति, ओम प्रकाश प्रजापति, हर्ष कुमार प्रजापति, कमलेश कुमार प्रजापति, संदीप कुमार प्रजापति, श्रीपाल प्रजापति समेत चित्रकूटधाम मंडल अध्यक्ष जगतपाल प्रजापति, रामभरोसा प्रजापति उर्फ राजू सम्राट समेत पदाधिकारी मनोनीत हुए।

बैठक में अखिल भारतीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल प्रजापति ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। संचालन उदय प्रकाश प्रजापति ने किया। बैठक की शुरूवात में प्रथम समाज सुधारक पूज्य श्री कृष्ण कंपाउंडर साहब व पूज्य बैजनाथ प्रजापति गुरु संत बुद्धि बाबा की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

## 14 से 18 जून तक श्रीजी में होगी पांच दिवसीय रामकथा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गुरुदेव आशुतोष महराज के दिशा-निर्देश में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान पांच दिवसीय श्रीरामचरितमानस पर आधारित सत्संग और प्रवचन चित्रकूट में श्रीजी भवन में 14 जून से 18 जून से होगा।

रविवार को भव्य रामकथा के संयोजक स्वामी विश्वनाथानंद ने बताया कि संगीतमय सत्संग एवं प्रवचन श्रीजी होटल मे 14 जून से 18 जून तक होगा। ये कथा शाम पांच बजे से रात्रि साढ़े आठ बजे तक होगी। नगरवासियों से अपील किया कि मंगल कलश यात्रा 14 जून बुधवार को सवेरे नौ बजे से कथा स्थल से शुरू होगी। अधिक से अधिक महिलाये और पुरुष इस मंगल कलश यात्रा मे शामिल हों। कथा मे सभी नगरवासियों का सहयोग मिल रहा है।

सभी भागवत प्रेमियों से निवेदन किया कि अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार पधारकर कथा सुनें। ज्योति जाग्रति संस्थान का उद्देश्य है कि सामाजिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों से समाज उत्थान एवं विश्व शांति के लक्ष्य को पूर्ण करने में निष्काम भाव से लगे हैं। शास्त्रों एवं उपनिषदों पर आधारित श्रीमदकथा ज्ञान यज्ञ, श्री राम कथामृत, श्रीकृष्ण कथा, गौ कथा, शिव कथा, हरी कथा व अन्य आध्यात्मिक कथाओं से संस्थान समाज को जागरूक करता आ रहा है। संस्थान सामाजिक प्रकल्पों से अभावग्रस्त बच्चो को सम्पूर्ण शिक्षा प्रकल्प, बंदी सुधार, नशा उन्मूलन, गौ संरक्षण, संवर्धन, और नस्ल सुधार, पर्यावरण संरक्षण आदि से मानवीय उत्थान को कार्यरत हैं।

# समाधान दिवस के दौरान छह शिकायतें दर्ज करायी गयीं




**बिजनौर/अफज**लगढ़। यहाँ कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान छह शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिनमें से चार शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल के मुताबिक समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा छह शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिसमें चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतें सम्बंधित अधिकारियों को सौपते हुये शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये गये हैं।

थानाध्यक्ष हम्बीर सिंह जादौन ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर कस्बा सोहन पाल सिंह पुंडीर के आलावा एसआई अनोखेलाल गंगवार,एसआई जुगेंद्र सिंह तेवतिया,एसआई मुकेश कुमार,बृजपाल सिंह,जीत सिंह पुंडीर,एसआई नवीन कुमार, प्रधान कपिल कुमार,प्रधान सुरेंद्र सिंह,आसिफ अंसारी सहित कानूनगो अफजलगढ़. नरेन्द्र कुमार,कानूनगो सतीश प्रकाश,लेखपाल बेनीराम सिंह,बृजमोहन,लेखपाल भूपेंद्र कुमार,जितेन्द्र प्रताप सिंह,अंशारूलहक,गौरव चौहान,कश्मीर सिंह राणा,ऋषिपाल सिंह,नगेन्द्र सिंह,यसवीर सिंह,दिनेश कुमार।

सुरेशचंद,पप्पू कुमार शाह,अवधेश कुमार,हिमांशु कुमार, विपिन कुमार,राकेश कुमार,संजीव कुमार,अरूण कुमार,जितेन्द्र कुमार तथा सौरभ कुमार सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे।

## पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, पीड़ित ने पुलिस टीम पर की फूलों की वर्षा

**गाजियाबाद` गाजिया**बाद पुलिस ने आज चोरी के एक मामले में खुलासा किया और करीब 80 प्रतिशत चोरी के माल को बरामद कर लिया। जिसके बाद पीड़ित परिवार इतना खुश हुआ कि उसने पुलिस टीम पर फूलों की वर्षा कर दी और उन्हें मिठाई खिलाकर उनका धन्यवाद दिया। बीते 25 मई को गाजियाबाद के थाना सिहानी गेट के लाल क्वाटर लोहिया नगर में रहने वाले सुमित कुमार के यहा लगभग 10 लाख रुपए के जेवरात की चोरी हुई थी। जिस संबंध मैं थाना सिहानी गेट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इस मामले को लेकर पुलिस ने कई टीमें गठित की थी। पुलिस ने मामले में आसपास के कई सीसीटीवी कैमरा को भी खिलाया था, जिससे पुलिस को काफी पुख्ता जानकारी हासिल हुई थी।

## नेपाल के नेशनल असेंबली स्पीकर तिमिलसीना चीन के दौरे पर

**काठमांडू।** नेपाल के नेशनल असेंबली स्पीकर गणेश प्रसाद तिमिल्सिना के नेतृत्व में नौ सदस्यीय दल सुबह चीन की राजधानी बीजिंग पहुंच गया है। यह सभी लोग तिब्बत के ल्हासा में होने वाले कार्यक्रम में हिस्सा लेगा। इस दल में सांसद जीवन पेरियार, धबल



शमशेर राणा, प्रदीप यादव, उदय बहादुर बोहरा, दीपा गुरुंग और हरिराम चौधरी के अलावा दो गैर सांसद भी हैं। नेपाली संसद सचिवालय के अनुसार, तिमिल्सिना चीन प्रवास के दौरान नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति के अध्यक्ष चाओ लिजी, चीनी पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष वांग हुनिंग और अन्य से मुलाकात करेंगे। इन सभी की नेपाल वापसी 21 जून को होगी। उल्लेखनीय है कि नेपाल के कम्युनिस्ट नेताओं के चीन दौरे बढ़ गए हैं। नेपाल की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष तिमिलसीना भी सीपीएन (यूएमएल) से हैं।

## पाकिस्तान में बारिश और आंधी से तबाही, 28 की मौत, 145 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांत के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान हुई भारी बारिश और तेज आंधी की वजह से 28 लोगों की जान चली गई। इस आपदा में 145



लोग घायल हो गए। इसकी पुष्टि प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने की है। प्राधिकरण ने कहा है कि सबसे ज्यादा तबाही केपी के बन्नू, डेरा इस्माइल खान, करक और लक्की मरवत में हुई है। बारिश में कम से कम 69 घर ढह गए। मृतकों में बच्चे भी शामिल हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा है कि राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नेशनल असेंबली के डिप्टी स्पीकर जाहिद अकरम दुर्रानी से टेलीफोन पर हालात की जानकारी ली है। उन्होंने जान माल के नुकसान पर खेद जताया है।

## यूएस संसद में पहली बार आयोजित होगा हिंदू अमेरिकी शिखर सम्मेलन, सांसद सुनेंगे समुदाय की समस्याएं


**वाशिंगटन।** यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद) में 14 जून को पहला हिंदू-अमेरिकी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने कहा कि अमेरिकी हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी इस सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि 20 से अधिक अन्य प्रवासी निकायों के सहयोग से हाल ही में गठित अमेरिकन्स फॉर हिंदू पॉलिटिकल एक्शन कमेटी द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हिंदू-अमेरिकी शिखर सम्मेलन को यूएस कैपिटल में आयोजित करने का उद्देश्य हिंदू समुदाय की चिंताओं को उठाना है। देश भर से लगभग 130 भारतीय अमेरिकी नेता समेत फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क, बोस्टन, टेक्सास, शिकागो और कैलिफोर्निया से लोग यूएस कैपिटल में इक्टठा होंगे। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ रोमेश जापरा ने कहा कि अमेरिकी हिंदू देशभर में अच्छा काम कर रहे हैं, लेकिन राजनीतिक रूप से वे बहुत पीछे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इक्वैलिटी लैब्स और केयर जैसे संगठन हिंदू धर्म को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैककार्थी के साथ-साथ डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी के कई अन्य सांसदों के शिखर सम्मेलन को संबोधित करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मैक्कार्थी मुख्य भाषण देंगे। इनमें प्रमुख रूप से भारतीय अमेरिकी सांसद शामिल हैं।

## भारतीय नृत्यांगना वल्लभी ने महात्मा गांधी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो....' पर प्रस्तुति से किया मंत्रमुग्ध

**जोहानिसबर्ग।** भारत की प्रख्यात नृत्यांगना वल्लभी चेल्लम अन्नामलाई ने दक्षिण अफ्रीका के पीटरमारित्जबर्ग में आयोजित तीन दिवसीय गांधी-किंग-मंडेला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की उद्घाटन संध्या पर भरतनाट्यम प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय के निदेशक अलागन अन्नामलाई की बेटी वल्लभी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पसंदीदा भजन 'वैष्णव जन तो....' पर भरतनाट्यम प्रस्तुति दी। सम्मेलन का समापन शुक्रवार को हो चुका है। वल्लभी पिछले डेढ़ दशक से बड़े आयोजनों में भरतनाट्यम की प्रस्तुति दे रही हैं। वह यहां के



आयोजन में शामिल होकर गर्व महसूस कर रही हैं।

उल्लेखनीय है गांधी जी को 1893 में पीटरमारित्जबर्ग स्टेशन पर एक ट्रेन से बाहर फेंक दिया गया था, क्योंकि वह केवल श्वेत यात्रियों के लिए आरक्षित डिब्बे में बैठे थे। इस परिघटना के 130 साल पूरे होने पर गांधी-किंग-मंडेला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। पीटरमारित्जबर्ग गांधी फाउंडेशन के अध्यक्ष डेविड जेनगेन ने कहा कि अफ्रीकी महाद्वीप में संपन्न गांधी-किंग-मंडेला अंतरराराष्ट्रीय सम्मेलन में इस बात पर सहमति बनी कि मानवाधिकारों के सदंर्भ में अपने प्रयासों को तेज करने के लिए संयुक्त राष्ट्र एवं अफ्रीकी संघ जैसी संस्थाओं पर दबाव डालकर अहिंसा का संदेश आगे बढ़ाया जाए।

## इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी निकालने का मामला गरमाया, कनाडाई मेयर बोले- यह कोई अपराध नहीं

**टोरंटो।** पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी निकाले का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसे देखते हुए कनाडाई कानून प्रवर्तन एजेंसी ने कहा कि भारत की पूर्व पीएम की हत्या की झांकी निकाले जाने का मामला कानून रूप से घृणा अपराध की श्रेणी में नहीं आता है। बता दें, यह बयान ब्रैम्पटन शहर के मेयर पैट्रिक ब्राउन के कार्यालय ने जारी किया।

**चार जून को निकाली थी झांसी**

गौरतलब है, ऑपरेशन ब्लू स्टार की 39वीं बरसी से दो दिन पहले चार जून को एक परेड के दौरान विवादित झांकी निकाली गई थी। खालिस्तान समर्थकों की इस झांकी में दो सिख गनमैन पूर्व पीएम को गोली मारते दिखाई दिए। साथ ही पोस्टर लगाए गए थे, जिसमें लिखा था कि ये बदला है। अन्य झांकी में 1984 के सिख विरोधी दंगों का जिक्र करते हुए बैनर भी लगे थे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

**जयशंकर ने चेताया**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को सख्त लहजे में कहा था कि ये आपसी रिश्तों और कनाडा के लिए ठीक नहीं है। जबकि घटना के तुरंत बाद भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरन मैके ने ट्वीट कर खेद जताया। उन्होंने कहा था कि कनाडा में नफरत या हिंसा के महिमामंडन के लिए कोई जगह नहीं है।

# अमेरिका को दहलाने वाले दुर्दांत अपराधी थिओडोर जॉन कजिंस्की की जेल में मौत

**वाशिंगटन।** यूनाबॉम्बर के नाम से कुख्यात थिओडोर जॉन कजिंस्की की 10 जून को स्थानीय जेल में मौत हो गई। 81 वर्षीय कजिंस्की तेज दिमाग के साथ शातिर अपराधी था। अमेरिका में दहशत का पर्याय रहे कजिंस्की के ऊपर तीन लोगों की हत्या का आरोप था। इस दुर्दांत अपराधी ने वर्ष 1978 से 1995 के बीच 17 बार बम विस्फोट किए थे। दुनिया की मशहूर यूनिवर्सिटी हॉर्वर्ड से पढ़ाई करने वाले कजिंस्की ने महज 16 साल की ही उम्र में स्कॉलरशिप हासिल कर ली थी। गणित में अव्वल रहने वाला कजिंस्की किन कारणों से अपराध के दलदल में फंसा, यह सवाल उसकी मौत के साथ दफन हो गया।

बर्कले के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में गणित के सहायक प्रोफेसर के रूप में नौकरी पाने से पहले कजिंस्की ने 1967 में मिशिगन विश्वविद्यालय में गणित से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त



की। 1971 में वह मोंटाना चला गया। वहां जमीन खरीदी। इसी साल सर्दियों में 1,000 से कम लोगों के शहर लिंकन के पास एक टार-पेपर केबिन बनाया। इसी केबिन में उसने बम बनाए। वह इन बमों का इस्तेमाल कुछ इस तरह से करता था कि उसके पीछे सुराग की बहुत कम संभावना होती थी। वह इतना शातिर दिमाग था कि अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई को भी पकड़ने में लगभग दो दशक लग गए।इस अपराधी ने1995 में एफबीआई को अपना 35,000 शब्दों का मेनिफेस्टो इंस्ट्रियल सोसायटी ऐंड इट्स फ्यूचर प्रकाशित करने के लिए भेजा था। उसने धमकी दी थी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो उसे एजेंसी कभी नहीं पकड़ पाएगी। मजबूरन जांच एजेंसी को उसकी बात माननी पड़ी। इसके कुछ समय बाद 1996 में उसे जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया। उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। तब से वह जेल में कैद था।

# अमेजन के जंगल में प्लेन क्रैश होने के 40 दिन बाद 4 बच्चे जिंदा मिले

**बोगोटा।** कोलंबिया के अमेजन के जंगलों में एक हवाई जहाज के क्रैश होने के 40 दिन बाद 4 बच्चों को जिंदा बचा लिया गया है। ये सभी भाई-बहन हैं। रेस्क्यू अभियान में जुटे सेना के जवानों को ये बच्चे कोलंबिया के कैक्वेटा और गुआवियारे प्रांत की सीमा पर मिले। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने इसे जादुई दिन बताया। इन बच्चों की उम्र क्रमशः 13, 9, 4 और एक साल है। राष्ट्रपति ने सेना के जवानों के साथ इन बच्चों की फोटो भी शेयर की हैं।

दरअसल, सेसना 206 नामक यह निजी हवाई जहाज 1 मई को दुर्घटनाग्रस्त हुआ था जिसमें इन बच्चों समेत कुल सात लोग सवार थे। हादसे में पायलट समेत 3 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें इन बच्चों की मां भी थी। हादसे के बाद चारों बच्चों का कोई अतापता नहीं था। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोलंबिया सरकार और सेना ने बच्चों के रेस्क्यू के लिए ऑपरेशन होप शुरू किया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हादसे के बाद सरकार और



मिलिट्री ने होप ऑपरेशन शुरू किया था। इस दौरान जंगल से बच्चों का सामान बरामद किया गया था। इनमें कैंची, दूध की बोतल, हेयर-टाई और टेम्पररी शेल्टर शामिल था। इसके अलावा कई जगहों पर बच्चों के पैरों के निशान भी नजर आए थे। सर्चिंग के दौरान मिलिट्री हेलीकॉप्टर से बच्चों की दादी की आवाज में एक रिकॉर्डेड मैसेज भी सुनाया गया था, जिससे बच्चे एक जगह रुक जाएं या कोई सिग्नल दे सकें। 17 मई को राष्ट्रपति ने ट्वीट कर बच्चों के मिलने की बात कही थी लेकिन सर्च ऑपरेशन में जुटी सेना ने इसकी पुष्टि नहीं की थी। अधिकारियों के अनुसार 1 मई को प्लेन अराराक्वारा से सैन जोस डेल ग्वावियारे जाने के क्रम में रास्ते में क्रैश हो गया था। 16 मई को प्लेन का मलबा मिला था। मलबे में पायलट समेत 3 शव मिले थे। इनमें से एक शव रानोक मुकुटुय नाम की महिला का था। जो इन 4 बच्चों की मां थी। अधिकारियों ने बताया कि सैन जोस डेल ग्वावियारे शहर कोलंबिया अमेजन इलाके का मुख्य शहर है। यहां लोग छोटे प्लेन से आना-जाना करते हैं। दुर्घटना के पहले सेसना 206 के पायलट ने इंजन में खराबी होने की सूचना दी थी, जिसके कुछ मिनट बाद ही प्लेन रडार से गायब हो गया था।

गौरतलब है कि अमेजन के घने जंगलों में 131 फीट लंबे पेड़ होने की वजह से जवानों को रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन में काफी दिक्कतें पेश आईं। रेस्क्यू अभियान में जुटे सैनिक भोजन के पैकेट भी जंगल में गिराते थे ताकि बच्चों को भोजन सुलभ हो सके।अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि जब बच्चे मिले तो वे दुर्घटनास्थल से कितनी दूर थे लेकिन टीमें उस जगह से 4.5 किमी के दायरे में अभियान चला रही थीं, जहां विमान गिरा था। हालांकि जैसे-जैसे खोज आगे बढ़ी, सैनिकों को जंगल में छोटे-छोटे सुराग मिले, जिससे उन्हें भरोसा हो गया कि बच्चे जीवित हैं। सैनिकों को पैरों के निशान, बच्चे की बोतल, डायपर और इंसानों के खाए फलों के टुकड़े भी मिले थे। अधिकारियों ने कहा कि बच्चे ह्यूटोटो जनजाति के सदस्य हैं और समूह के सबसे बड़े बच्चे को पता था कि जंगल में कैसे जिंदा रहना है। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा, 'जंगल ने बच्चों को बचा लिया।'

## भारतीय-अमेरिकी समलैंगिक समुदाय ने की पीएम मोदी से समर्थन की मांग, समान अधिकार देने का किया अनुरोध

**वाशिंगटन।** भारतीय अमेरिकी समलैंगिक समुदाय के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भारत में समलैंगिक समुदाय को समान अधिकार देने का आग्रह किया है। पीएम मोदी इस महीने राष्ट्रपति जो बाइडन और अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर जाएंगे। पीएम मोदी अपने चार दिवसीय दौरे की शुरूआत 21 जून से करेंगे और अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी 22 जून को राजकीय रात्रिभोज के लिए पीएम मोदी की मेजबानी करेंगे। देसी रेनबो की कार्यकारी निदेशक अरुणा राव ने कहा- 'मैं कहना चाहती हूं कि भारतीय सर्वोच्च न्यायालय में पिछले कुछ महीनों से समलैंगिक विवाह के मुद्दों पर बहस हो रही है। मैं पीएम मोदी से अनुरोध करती हूं कि वह इसका समर्थन करें। मैं उनसे भारत में समलैंगिक समुदाय के समान अधिकारों का समर्थन करने का अनुरोध करती हूं। हम भी इंसान हैं और हमारे बच्चों और समलैंगिक समुदाय के सदस्यों के भी समान अधिकार हैं।' राव उन भारतीय अमेरिकियों में से एक हैं, जिन्हें व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में ऐतिहासिक प्राइड रैली में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा कि भारत में मेट्रो क्षेत्रों के कुछ लोग समलैंगिक समुदाय का समर्थन करते हैं। विधायी रूप से भी सरकार समलैंगिकों के अधिकारों के मामले में आगे बढ़ रही है, लेकिन अभी बहुत कुछ करना है। मेट्रो इलाकों में नहीं पर छोटे शहरों और गांवों में जहां लोग इसका समर्थन नहीं करते हैं। व्हाइट हाउस प्राइड रैली में एक अन्य भारतीय-अमेरिकी लेस्ली किंग्स्टन ने उम्मीद जताई कि इस महीने के अंत में राष्ट्रपति बिडेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच अच्छी मुलाकात होगी। उन्होंने कहा कि उम्मीद करती हूं कि मोदी और बिडेन की द्विपक्षीय बैठक दोनों देशों के बीच के संबंध को और मजबूत करेगा। लेकिन मुझे उम्मीद है कि पीएम मोदी वास्तव में यहां दक्षिण एशियाई और भारतीय समुदाय को जानने के लिए यहां कुछ समय बिताएंगे। जिससे उन्हें मालूम चले कि हम यहां कैसे प्रगति के लिए प्रयास कर रहे हैं और भारत में उसी तरह की चीजों को लागू करने और समलैंगिक समुदाय के लोगों को अधिकार देने में सक्षम हो।

## ट्रंप ने बाथरूम और बेडरूम तक में छुपाए थे गुप्त दस्तावेज, 37 आरोप हुए सार्वजनिक

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

जुड़े दस्तावेजों को जानबूझकर अपने पास रखने के हैं। इसके



अलावा उन पर झूठे बयान देने, दस्तावेज होने की बात छिपाने और न्याय में बाधा डालने जैसे आरोप लगाए गए हैं। 49 पेज के आरोप पत्र में बताया गया है कि ट्रम्प ने ये दस्तावेज अपने बाथरूम, बॉलरूम, शावर की जगह पर, ऑफिस, स्टोर रूम और बेडरूम में छिपाए थे। साथ ही जांच में बाधा डालने के लिए ट्रंप ने अपने वकीलों को फाइलें छिपाने या नष्ट करने का आदेश दिया था।

आरोप पत्र में बताया गया है कि पिछले साल ट्रंप के पास से 337 सरकारी दस्तावेज बरामद हुए थे। इनमें से 21 दस्तावेजों पर टॉप सीक्रेट लिखा हुआ था। ये वो दस्तावेज होते हैं जिसमें सबसे संवेदनशील जानकारी रखी जाती है और सिर्फ सीमित लोगों की ही पहुंच में होते हैं। इसके अलावा नौ दस्तावेजों पर सीक्रेट लिखा हुआ था। ये वो दस्तावेज होते हैं, जिनके लीक होने पर राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा पहुंचने की आशंका रहती है।

## तालिबान की अगली चाल का खुलासा, भारत से जुड़ी गैस पाइपलाइन पर नियंत्रण चाहता है हक्कानी गुट

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगानिस्तान के तालिबान द्वारा नियुक्त आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी कई आर्थिक परियोजनाओं को अपने नियंत्रण में लेने की कोशिश कर रहा है। मुख्य रूप से वह तुर्कमेनिस्तान - अफगानिस्तान - पाकिस्तान - भारत) गैस पाइपलाइन के अफगान खंड के निर्माण पर नियंत्रण करने की मांग कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सन् 1988 की तालिबान प्रतिबंध समिति की विश्लेषणात्मक सहायता और प्रतिबंध निगरानी टीम की चौदहवीं रिपोर्ट में कहा गया है कि वास्तविक राज्य तंत्र और प्रांतीय प्रशासन में पदों के वितरण को लेकर तालिबान अधिकारियों के



बीच कलह चल रही है। यहां कार्यवाहक आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी और कार्यवाहक प्रथम उप प्रधानमंत्री मुल्ला बरादर के बीच मसलों को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बरादर दक्षिणी प्रांतीय प्रशासन का समर्थन करता है। वह लगातार तालिबान के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने, विदेशों में अफगान संपत्ति को मुक्त करने और विदेशी सहायता का विस्तार करने की प्रक्रिया को नियंत्रित करने की मांग कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र की माने तो सारी लड़ाई सरकार में पदों के लिए है, जिससे वित्तीय, प्राकृतिक संसाधनों के साथ ही चैनल पर भी नियंत्रण किया जा सके। रिपोर्ट के अनुसार, सिराजुद्दीन हक्कानी कथित तौर पर तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत गैस पाइपलाइन के अफगान खंड पर नियंत्रण करने की कोशिश कर रहा है।